संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-352 गुरूवार,26 अक्टूबर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## अब एनसीईआरटी के प्रस्ताव पर बवाल

**» आप बोली-हमें भारत या इंडिया से कोई दिक्कत नहीं**

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2023(ए)।** देश में एक बार फिर इंडिया और भारत को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। राजनीतिक दल केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साध रही है। और ऐसा इसलिए क्योंकि एनसीईआरटी पैनल ने सभी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने का प्रस्ताव दिया है।

ऐसे मेंइस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब एनसीईआरटी की किताबों में बच्चों को इंडिया की जगह भारत पढ़ाया जाएगा। वहीं इस पूरे मामले पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है।

एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश पर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि ÷हमें भारत या इंडिया से कोई दिक्कत नहीं है, मैं आपको बता रहा हूं कि पीएम मोदी को इंडिया से दिक्कत है और यह इंडिया गठबंधन बनने के बाद ही हुआ है। हमारे संविधान में इंडिया और भारत दोनों का इस्तेमाल होता है और दोनों का उपयोग किया जाना चाहिए।÷






**कांग्रेस ने साधा निशाना**

वहीं कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल का कहना है, ÷वे बहुत सी चीजें सुझा रहे हैं। आप देख सकते हैं कि वे पाठ्यपुस्तक, पाठ्यक्रम के माध्यम से भारत के इतिहास को कैसे विकृत कर रहे हैं। और सब कुछ... मुझे इंडिया-भारत वाली बात नहीं पता थी। हमारे लिए इंडिया और भारत बराबर हैं। ÷ कांग्रेस नेता अंबिका सोनी ने कहा कि संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत। दोनों नाम हैं।

**आरजेडी ने मोदी सरकार पर किया हमला**

ऐसे ही राजद सांसद मनोज झा ने कहा, इंडिया गठबंधन के जन्म के बाद से बीजेपी नेताओं की ओर से कई प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि इंडिया गठबंधन पर कैसे हमला किया जाए। मेरा मानना है कि यह एक उन्मादी प्रतिक्रिया है। अब एनसीईआरटी यह कर रहा है। आप अनुच्छेद 1 के साथ क्या करेंगे जो कहता है कि इंडिया दैट इज भारत। मैं समझ नहीं पा रहा हूं इनमें से किसी का भी अर्थ। अगर इंडिया गठबंधन अपना नाम बदलकर भारत कर लेता है, तो वे क्या करेंगे? इधर, डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने कहा कि सरकार केवल इसलिए नाम बदल रही है, क्योंकि विपक्षी गठबंधन ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा था। वे बदलना चाहते हैं और नाम भारत रखना चाहते हैं। मोदी सरकार के दिमाग में अतार्किक बातें हैं.यह डर के कारण है। एनसीईआरटी संविधान में संशोधन किए बिना ऐसा कैसे कर सकता है?

## महुआ मोइत्रा ने निशिकांत दुबे पर फर्जी सर्टीफिकेट,एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी का लगाया आरोप

**कोलकाता,25 अक्टूबर 2023 (ए)।** हाल ही में सामने आए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के बीच तनातनी जारी रही। महुआ ने दुबे पर फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र अपनाने और एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया। महुआ ने सवाल किया कि लगभग सात महीने पहले दुबे के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र अपनाने का आरोप लगाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई जांच क्यों शुरू नहीं की गई।बीती देर शाम महुआ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक संदेश जारी किया, जिसमें कहा गया : कौन झूठ बोल रहा है? 2 दिन पहले फर्जी डिग्री वाले ने कहा था कि एनआईसी ने पहले ही जांच एजेंसी को 'दुबई' लॉगिन सहित विवरण दे दिया है। अब अश्विनी वैष्णव का कहना है कि एनआईसी जानकारी देगा भविष्य में यदि एलएस या एथिक्स कॉम द्वारा कहा गया तो भाजपा मुझ पर प्रहार करने के लिए स्वागत करती है, लेकिन अडानी+गोड्डा शायद सर्वोत्तम रणनीतिकार नहीं हैं! अपने संदेश में महुआ ने सीधे तौर पर नाम लिए बिना दुबे पर एक हवाई अड्डे के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का भी आरोप लगाया।





## जीएसटी का ऑनलाईन गेमिंग कम्पनियों पर शिकंजा

**जीएसटी ने जारी किया नोटिस,1 लाख करोड़ की मांग**

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2023(ए)।** टैक्स चोरी करने की आरोपी सभी ऑनलाइन गेमिंग एप कंपनियों को जीएसटी ने नोटिस जारी किया है। कर अपवंचन संबंधी मामलों में ऑनलाइन गेमिंग एप चला रही कंपनियों को 1 लाख करोड़ रूपये बतौर जीएसटी की मांग किया है।

पिछले सप्ताह डेल्टा कॉर्प को 6,384 करोड़ रुपये के कर के कम भुगतान के लिए जीएसटी नोटिस मिला था, जो सितंबर में कंपनी को भेजे गए 16,800 करोड़ रुपये के कर नोटिस के ठीक बाद आया है।

अन्य गेमिंग कंपनियां जिन्हें जीएसटी भुगतान में कमी के लिए ऐसे कारण बताओ नोटिस भेजे गए हैं, उनमें ड्रीम 11 और गेम्सक्राफ्ट शामिल हैं, जिन्हें 21 हजार करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। बता दें कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को कथित तौर पर 55 हजार करोड़ रुपये की संचयी राशि के साथ जीएसटी चोरी करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।




केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी दर लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर अधिसूचित की है। केंद्र सरकार ने राज्यों को स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी पूर्व प्रभाव से नहीं लगाया जा रहा है।

कर नोटिस उन कंपनियों को दिये गये हैं जो सट्टेबाजी वाली ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हैं जिस पर पहले से ही 28 प्रतिशत जीएसटी लागू है।

केंद्र ने यह स्पष्टीकरण इसलिए दिया क्योंकि गोवा जैसे कुछ राज्यों ने दावा किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत जीएसटी पूर्व प्रभाव से लगाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं।

## राशन वितरण घोटाले में बड़ा अपडेट

**» ईडी ने गिरफ्तार कारोबारी की 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता लगाया**

**कोलकाता,25 अक्टूबर 2023(ए)।** ईडी के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में हाल ही में गिरफ्तार किए गए कोलकाता के व्यवसायी बकीबुर रहमान की 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का पता लगाया है।एजेंसी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि रहमान, उनके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के नाम पर पंजीकृत कुल 95 संपत्तियों का ईडी के अधिकारियों ने पता लगाया है। इन संपत्तियों का संयुक्त मूल्य 100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।




जांच से यह भी पता चला है कि जो संपत्तियां परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के नाम पर पंजीकृत थी, उसके पीछे वास्तविक निवेश रहमान ने ही किया था। हालांकि, सूत्रों ने कहा है कि रहमान ने अभी तक ऐसी संपत्तियों और परिसंपत्तियों के पीछे निवेश किए गए धन के स्रोतों के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है।संपत्तियों और परिसंपत्तियों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में फैले कई भूखंडों में लगभग 51 एकड़ जमीन शामिल है और जिनमें से अधिकांश मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना जिले में हैं। संपत्ति में रहमान के नाम पर पंजीकृत कुल 7,000 वर्ग फुट के नौ आवासीय फ्लैट भी शामिल हैं।

इसके अलावा, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने रहमान के स्वामित्व वाले एक होटल, एक हाई-एंड बार-कम-रेस्तरां और तीन चावल-मिलों का भी पता लगाया है। इसके अलावा ईडी ने दुबई में दो हाई-एंड आवासीय फ्लैटों का भी पता लगाया है जो रहमान के नाम पर पंजीकृत हैं।ईडी के अधिकारियों को इस बात के पक्के सबूत मिले हैं कि कारोबारी ने इन विदेशी संपत्तियों को खरीदने के लिए हवाला का रास्ता अपनाया था। हालांकि ये वे संपत्तियां हैं जो सामने आई हैं, ईडी के अधिकारियों का मानना है कि और भी ऐसी संपत्तियां हैं जो अभी सामने आनी बाकी हैं।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को इस बात के भी सुराग मिले हैं कि रहमान आय को इधर-उधर करने के लिए अपनी पत्नी और साले के बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहा है। जांच अधिकारियों ने इन खातों से बेहद कम अंतराल में कई इनवर्ड और आउटवर्ड धन का पता लगाया है।

## गुजरात में केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**60 से अधिक टैंकर जलकर खाक**

**अरावली ,25 अक्टूबर 2023(ए)।** गुजरात के अरावली जिले में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए।

अनुसार के मुताबिक, अरावली जिले में स्थित केमिकल फैक्ट्री में आग आज सुबह लगी है। केमिकल फैक्ट्री में लगी आग इतनी भीषण है कि इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही है।

बता दें कि फैक्ट्री में रखे केमिकल से भरे 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल आग बुझाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। मामले में अधिक जानकारी की प्रतिक्षा है।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच बवाल

**भारी पुलिस बल तैनात**

**बलिया (बेगूसराय),25 अक्टूबर 2023(ए)।** बिहार के बेगूसराय में बुधवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस पर छत से ईंट फेंके जाने की वजह से बवाल हो गया। इस घटना के बाद इलाके में फैले तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना बलिया नगर क्षेत्र के छोटी बलिया मिसिकार टोला के पास की है। आरोप है कि बुधवार को यहां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक समुदाय की महिला ने प्रतिमा के आगे छत के ऊपर से चार पांच ईंट गिरा दी थी।

इसके बाद ही माहौल तनावपूर्ण बन गया। विसर्जन में शामिल युवाओं ने ईंट गिराने का विरोध किया। लोगों ने सड़क पर आग लगाकर भी विरोध-प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ रोहित कुमार, डीएसपी विनय कुमार राय, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह पहुंचे। उनके साथ नगर कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार, सीओ चंदन कुमार, बीडीओ सन्नी कुमार भी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था के बीच माहौल संभालने का प्रयास किया। हालांकि, विरोध कर रहे लोग समझाने पर नहीं माने और हंगामा बढ़ गया।



**पुलिस ने जमकर फटकारीं लाठियां**

हंगामा बढ़ने की सूचना पाकर बेगूसराय डीएम रौशन कुशवाहा, एसपी योगेंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। उन्होंने लोगों से पीछे हटने की अपील भी की। इसके बाद लोगों के नहीं हटने पर जमकर लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज से पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। इससे भगदड़ मच गई। उसके बाद शरारती तत्वों ने बलिया बाजार में फुटकर सब्जी दुकानदारों के सब्जी को इधर-उधर फेंक दिया। सड़क पर आग लगाकर विरोध-प्रदर्शन करने लगे।

**शरारती तत्वों को पुलिस ने खदेड़ा,इस वजह से मचा बवाल**

सभी सब्जी दुकानदार खराब माहौल होते देख मौके से हट गए। पुलिस ने वहां भी पहुंचकर शरारती तत्वों को खदेड़ दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि बड़ी दुर्गा माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रही थी, इसी दौरान यह घटना घटी।

आरोप है कि प्रतिमा के आगे एक छत से चार-पांच ईंट गिरा दी गई थीं। इससे माहौल तनावपूर्ण हुआ, फिर भी कमेटी के सदस्यों ने बड़ी दुर्गा स्थान की प्रतिमा, शीतला माता दुर्गा स्थान की प्रतिमा को किसी तरह आगे निकाल लिया।

परंतु जब स्टेशन परिसर की दुर्गा प्रतिमा निकलने लगी तो उस पर भी ईंट फेंक दी गई। इसके बाद माहौल और बिगड़ गया। माहौल भयावह देख छोटी बलिया बाजार, स्टेशन चौक, स्टेशन रोड, सत्ती चौड़ा, लखमिनियां सभी बाजार की दुकान बंद हो गई।

## महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री ने किया राजनीति छोड़ने का ऐलान

**मुंबई,25 अक्टूबर 2023 (ए)।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस के कद्दावर नेता सुशील कुमार शिंदे ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का एलान किया है। सुशील शिंदे ने एक कार्यक्रम में अपने राजनीतिक रिटायरमेंट का एलान करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव मेरी बेटी लड़ेगी और जहां मेरी ज़रूरत होगी, वहां मैं वहां मौजूद रहूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सोलापुर सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं। इतना ही नहीं, शिंदे महाराष्ट्र के पूर्व सीएम के साथ-साथ 2012 में केंद्रीय गृहमंत्री और मनमोहन सिंह की सरकार में ऊर्जा मंत्री भी रह चुके हैं। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बड़े बेटे और पूर्व सांसद नीलेश राणे ने भी ट्वीट कर सक्रिय राजनीति से संन्यास का एलान किया था।

विजयादशमी के मौके पर एक कार्यक्रम में सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि अब मेरी बेटी प्रणीति शिंदे सोलापुर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। सोलापुर में धम्म चक्र कार्यक्रम में शिंदे ने ये बातें कहीं। सुशील कुमार शिंदे की 42 वर्षीय बेटी प्रणीति शिंदे कांग्रेस वर्किंग कमेटी में भी विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।



पहले ही एक कार्यक्रम में प्रणीति शिंदे ने कहा था कि पार्टी हमें जो जिम्मेदारी सौंपेगी, हम उसे निभाएंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को विश्वास भी जताया कि इस बार चाहे कुछ भी हो, सोलापुर का सांसद कांग्रेस का ही होगा।

## तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा




**ट्रेन की चपेट में आने से बोलने-सुनने में अक्षम तीन किशोरों की मौत**

**चेन्नई,25 अक्टूबर 2023(ए)।** तमिलनाडु के चेन्नई में उपनगरीय उरापक्कम में बोलने और सुनने में अक्षम तीन बच्चे रेलवे ट्रैक पार करते समय एक ईएमयू ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे तीनों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सभी लड़के कर्नाटक के रहने वाले थे और अपने रिश्तेदारों के घर पूजा की छुट्टियों के लिए चेन्नई आए थे। ये तीनों बच्चे वंडालूर चिड़ियाघर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान जे. सुरेश (15), उनके भाई रवि (12) और मंजूनाथ (11) के रूप में हुई।

पुलिस ने कहा कि ये किशोर छुट्टियों में अपने चाचा के घर आए थे। चाचा का घर रेलवे ट्रैक से कुछ गज की दूरी पर स्थित है। ये तीनों किशोर वंडालूर चिड़ियाघर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय ये तीनों चेन्नई बीच-चेंगलपट्टू ईएमयू ट्रेन की चपेट में आ गए। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) तांबरम पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्रोमपेट सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

## एक-दो बार नहीं 8 बार ट्रैक्टर से युवक को कुचला

**» क्रूरता की हद! परिजन चीखते रहे और आरोपी युवक ने ट्रैक्टर से कुचला**

**» हमले के दौरान ग्रामीणों ने फायरिंग की आवाज भी सुनी**

**» मारपीट में निरपत नाम का युवक जमीन पर गिर गया**

**भरतपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** राजस्थान के भरतपुर इलाके में जमीन विवाद के चलते खूनी वारदात हुई है। एक गुट ने दूसरे गुट के युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी है। आरोपी ट्रैक्टर चालक ने जमीन पर पड़े युवक के शरीर को करीब 8 बार कुचला। इस घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई और घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने मृत युवक अतर सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अड्डा गांव में बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर के बीच कई साल से जमीन विवाद चल रहा है। इसी विवाद में बुधवार सुबह 8 बजे दोनों गुट आमने-सामने हो गए। दोनों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला शुरू करते हुए एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। इसमें दोनों ओर की महिलाएं भी शामिल हुई।




हमले के दौरान ग्रामीणों ने फायरिंग की आवाज भी सुनी। मारपीट में निरपत नाम का युवक जमीन पर गिर गया। तभी दूसरे गुट के युवकों ने निरपत के शरीर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर चालक को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं रुका। उसने जमीन पर पड़े निरपत के शरीर पर 8 बार ट्रैक्टर का पहिया चढ़ा दिया। निरपत की मौके पर ही मौत हो गई। जमीन विवाद के चलते 5 दिन पहले 21 अक्टूबर को बहादुर और अतर सिंह गुर्जर के बीच विवाद हुआ था। जिसमें बहादुर और उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना के बाद बहादुर के बेटे दिनेश और दूसरे गुट के अतर सिंह और उसके बेटे निरपत, विनोद, दामोदर और रिश्तेदारों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है और मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संपादकीय

# सबसे बिगाड़ की नीति !

भारत सरकार की अगर यह गणना है कि अपनी चीन संबंधी चिंताओं के कारण पश्चिम हर हाल में भारत पर अपना दांव लगाए रखेगा, तो कहा जा सकता है कि इस सोच का ठोस आधार नहीं है। इसलिए मौजूदा नीति पर पुनर्विचार जरूरी हो गया है।

देर-सबेर भारतवासियों को नरेंद्र मोदी सरकार के कनाडा के 41 राजनयिकों को देश से निकालने के फैसले पर अडिग रहने के परिणामों पर अवश्य ही विचार करना होगा। कनाडाई राजनयिकों के लौटने के बाद अमेरिका और ब्रिटेन की तीखी प्रतिक्रिया पश्चिमी खेमे से भारत के बढ़ते दुराव का संकेत देती है। मुद्दा यह है कि क्या इस वक्त पर इस खेमे से ऐसा टकराव भारत के दीर्घकालिक हित में है? कुछ समय पहले तक भारत सरकार के रणनीतिकार कहते थे कि एक समय देश निगुर्टता- यानी किसी भी महाशक्ति की तरफ झुकाव ना रखने की नीति (नॉन-एलाइंग्ड) पर चलता था, जबकि मोदी सरकार सबके साथ रिश्ता रखने (ऑल-एलाइंग्ड) की राह पर चल रही है। मगर कुछ महीनों के भीतर चीजें इस तरह बिगड़ी हैं कि अब भारत सबसे टकराव मोल लेता नजर आ रहा है। बेशक चीन-पाकिस्तान से रिश्तों में कड़वाहट की लंबी पृष्ठभूमि है। ऐसे में उपयुक्त नीति यह मानी जाती थी कि पास-पड़ोस के अन्य देशों को भारत उन दोनों के पाले में ना जाने दे। जबकि हाल में श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव ने जिस तरह चीन के साथ जुड़ाव बढ़ाया है, उससे नहीं लगता कि भारत सरकार पास-पड़ोस में कोई प्रभावी विदेश नीति अपना रही है।

उधर हमास के हमलों के बाद पहले भारत सरकार ने पूरी तरह इजराइल के पक्ष में खड़े होकर और फिर अरब एवं खाड़ी देशों में हुई आलोचना के बाद फिलस्तीन के पक्ष में अपनी परंपरागत नीति जता कर दोनों तरफ भ्रम बना दिया है। इन घटनाक्रमों के बीच कूटनीति विशेषज्ञों के लिए यह समझना कठिन हो गया है कि भारत कहां खड़ा है और वैश्विक मामलों में उसकी क्या सोच है? अमेरिका-ब्रिटेन की प्रतिक्रिया को इसी प्रश्न के आईने में देखा जाना चाहिए। उनसे भी दुराव कर अकेले पड़ने की यह नीति कतई देश के हित में नहीं है। भारत सरकार की अगर यह गणना है कि अपनी चीन संबंधी चिंताओं के कारण पश्चिम हर हाल में भारत पर अपना दांव लगाए रखेगा, तो कहा जा सकता है कि इस सोच का ठोस आधार नहीं है। इसलिए मौजूदा नीति पर पुनर्विचार जरूरी हो गया है।

# विधानसभा चुनावों के रास्ते लोकसभा की तैयारी में जुटे पीएम मोदी

**» संसद में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर देंगे जोर**

जब महाभारत के युद्ध के बाद ये प्रश्न उठा कि युद्ध में सबसे अधिक योगदान किसका रहा, तो इसका उत्तर पूरा युद्ध देखने वाले बर्बरीक से पूछा गया। उनका जवाब था कि युद्ध के मैदान में मुझे चारों ओर सिर्फ सुदर्शन चक्र ही घूमता नजर आया। हर तरफ श्री कृष्ण ही युद्ध लड़ते दिखे। कुछ ऐसा ही मंजर पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा के चुनावी रण में भी दिखने की उम्मीद है। जहां श्रीकृष्ण की भूमिका में पीएम मोदी होंगे और सुदर्शन चक्र के रूप में उनकी बेमिसाल वाक्पटुता कार्य करते दिखेगी। लेकिन इस चुनावी महाभारत में फिर अन्य योद्धाओं की क्या भूमिका होगी? चूंकि एक तरफ केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी की सुगबुगाहट के साथ मध्य प्रदेश में बीजेपी के चुनावी बैनर-पोस्टर से 18 साल मुख्यमंत्री का सुख भोगने वाले शिवराज जी गायब नजर आने लगे हैं, और दूसरी तरफ प्रह्लाद सिंह पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैलाश विजयवर्गीय, नरेंद्र सिंह तोमर, गणेश सिंह या रमेश सिंह जैसे 60 पार वाले केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और चर्चित चेहरों को जंग में हिस्सा लेना का आदेश जारी हुआ है। हालांकि इनके बीच एक दिलचस्प नाम सांसद रीति पाठक का भी है, लेकिन भले इन नामों को मुख्यमंत्री की रेस में दौड़ाने के हिसाब से भी देखा जा रहा हो लेकिन इनमें से किसी का भी मुख्यमंत्री बनने का सपना तभी पूरा हो सकेगा, जब भाजपा प्रदेश में वापसी करेगी। कुछ ऐसा ही हाल राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में भी देखने




को मिल रहा है, वहीं टी राजा सिंह जैसे नामों के साथ तेलंगाना भी इससे अछूता नहीं रहा है।

राजस्थान से पार्टी ने 7 सांसदों को टिकट दिया है। इनमें नरेंद्र कुमार, किरोड़ीलाल मीणा, भागीरथ चौधरी जैसे सीनियर नेताओं के साथ-साथ युवा और दमदार चेहरों में राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राजकुमारी दिया कुमारी, देवजी पटेल, और राजस्थान के 'योगी' बाबा बालकनाथ जैसे नाम शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के लिए भी भाजपा ने सांसद और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, गोमती साय और सांसद व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी को चुनावी रण में उतारा है। भाजपा की इन सभी राज्यों में उम्मीदवारों की सूची कई पहलुओं की तरफ इशारा करती है। एक तो जीत के लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीति, दूसरा उन बड़े चर्चित नामों की अग्निपरीक्षा जिन्हे कांग्रेस के गढ़ में उतारा गया है। तीसरा त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में अपनाई गई रणनीति जो किसी भी परिस्थिति में हार के बावजूद लाभ का सौदा साबित हो, और बड़े नामों के फेल होने के बावजूद उनके प्रभाव में आस पास के क्षेत्रों में बीजेपी उम्मीदवारों को किस्मत चमकाने का अवसर मिल सके। चौथा व सबसे महत्वपूर्ण विधानसभा के रास्ते 2024 लोकसभा की तैयारियां, जिसमें मुख्य रूप से पीएम मोदी का फोकस, विश्व के सबसे युवा देश की संसद को भी युवा बनाने पर हो सकता है।

केंद्र और मोदी की टीम में युवा व चर्चित चेहरों में सबसे बड़ा नाम ज्योतिरादित्य सिंधिया का होने की प्रबल संभावना है। एक बड़ा जन समर्थन साथ रखने वाले सिंधिया मोदी खेमें के सबसे करीबी और पसंदीदा राजनेता हैं, जिन्हे पार्टी में शामिल होने के साथ ही केंद्रीय टीम में शामिल कर लिया गया। एविएशन डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी और लगभग हर मंच पर मोदी जी के सारथि के रूप में नजर आए सिंधिया, निश्चित तौर पर 2024 के लिए और सम्भवता 2024 में मोदी कैबिनेट के तीसरे कार्यकाल में सबसे अहम् भूमिका निभाते नजर आएंगे। सिंधिया के अलावा तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अन्नामलाई कुप्पुसामी भी एक ऐसा नाम है जो अगले साल के आम चुनावों में बीजेपी का चमकता सितारा कहलाएंगे। अन्नामलाई को उनके नेक दिल और उम्दा काम के लिए जनता से जो समर्थन प्राप्त है उसके लिए बीजेपी ने एनडीए गठबंधन में टूट भी कबूल कर ली है। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी की अगुवाई में बीजेपी अब युवा नेतृत्व की दिशा और दशा की तरफ निगाहें गड़ाई हुई है। इसके अलावा 35 वर्षीय निशीथ प्रमाणिक का भी केंद्र में बने रहने की पूरी उम्मीद है।

मोदी सरकार ने 77 सदस्यों वाले अपने नए मंत्रिपरिषद के साथ ही इशारा कर दिया था कि अब आगे की कमान युवा राजनेताओं के हाथ में ही सौंपी जाएगी। ऐसा पहली बार है जब मंत्रिमंडल में 50 वर्ष से कम उम्र के ज्यादातर सदस्य देखने को मिलते हैं, जैसे किरेन रिजिजू, मनसुख मंडाविया, जॉन बारला, कैलाश चौधरी, स्मृति ईरानी, संजीव बालियान, अनुराग ठाकुर, डॉ एल मुरूगन, डॉ भारती प्रवीण पवार, अनुप्रिया सिंह पटेल और शांतनु ठाकुर। तो इशारा साफ है, मध्य प्रदेश हो राजस्थान या छत्तीसगढ़, 60 से ऊपर वाले जिन बड़े और भारी नामों को टिकट देकर मैदान में उतारा गया है, या तो वे बीजेपी को सीट जिताकर, उन राज्यों में प्रमुख भूमिका निभाएं, या तो हार का मुँह देखकर केंद्रीय समिति से खुद को किनारे कर लें, क्योंकि बीजेपी ने आगामी आम चुनावों के लिए पूरा खेल एकदम नए सिरे और चेहरे के आधार पर रचा है। जिसमें रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे नेताओं को सीमित क्षेत्रों तक ही सीमित रखने की रणनीति अपनाई जा रही है और जन मानस की उम्मीद व भरोसे का प्रमाण बन रहे युवा साथियों को अधिक तवज्जो देने पर फोकस किया जा रहा है। ऐसे में जब विधानसभा और लोकसभा, दोनों ही चुनाव मोदी जी की अगुवाई और उनके के नाम पर लड़ा जा रहा है तो जाहिर तौर पर इस लड़ाई को मोदी किसी भी सूरत में हारने के मूड में नहीं हैं

**-शांतनु रॉय-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# टिकटों पर विरोध से दबाव में भाजपा



**रमेश सराफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फार्मूला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छः लोकसभा सदस्य एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।




राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनो नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज है कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।

राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थी। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे।

असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता हैं। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है।

जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंदियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार-बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार-बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हासिये पर धकेली जा रही थी। सभी राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इस बार के चुनाव में भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थ को तवज्जो नहीं देगा।

मगर पहली सूची जारी होने के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए दूसरी सूची में वसुंधरा राजे व उनके करीबन दो दर्जन समर्थकों को टिकट दिया गया है। वसुंधरा राजे को भी उनकी परंपरागत झालरापाटन सीट से ही पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की दूसरी सूची को देख कर लगता है कि भाजपा आलाकमान ने अपने रूख में बदलाव कर लिया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 51 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसके साथ ही इस सूची में 27 सीटें ऐसी हैं जिन पर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई थी। 16 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं।

भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काटे है। इसमें सूरसागर से सूर्यकांता व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल, व घाटोल से हरेंद्र नीनामा शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल कर उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दी गई है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ कर जीत चुके हैं। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती व नागौर से कांग्रेस सांसद रही डा. ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की अभी तक जारी की गई सूची को देखकर लगता है कि सबसे अधिक टिकट वसुंधरा समर्थ को दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडीलाल मीणा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थकों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छाप भी दिखाई दे रही है। संघ से जुड़े कई लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की सूची को देखकर लगता है कि भाजपा आलाकमान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। वसुंधरा राजे राजस्थान में भाजपा की मजबूरी बन गई है। वसुंधरा समर्थक उन विधायकों के नाम भी सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर गहलोत सरकार पर आये संकट के दौरान पार्टी लाइन से अलग रहने के आरोप लगे थे। हाड़ौती, मेवाड़ क्षेत्र में वसुंधरा राजे ने अपने ज्यादातर समर्थको के टिकट क्लियर करवा कर भाजपा आलाकमान को झुका कर यह दिखा दिया है कि राजस्थान में वसुंधरा है तो भाजपा है। वसुंधरा के बिना राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना मुश्किल ही नहीं असंभव है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# दिवाली की सफाई और शापिंग में रखें स्वास्थ्य और बजट का ध्यान



**स्नेहा सिंह**
नोएडा उत्तरप्रदेश

नवरात्र पूरी हुई और दशहरा भी चला गया,अभी थकान भी नहीं गई कि हम सभी को दिवाली के कामों का टेंशन होने लगा है। जबकि आज की जनरेशन जल्दी टेंशन नहीं लेती। पर शादीशुदा महिलाओं को तो यह टेंशन थोड़ी-बहुत लेनी ही पड़ती है। अभी नौ दिन के व्रत-पूजा की थकान उतरी भी नहीं है कि छुट्टी के दिनों में सफाई के झंझट में पड़ना ही है। कभी-कभार यह सफाई का अभियान इतना लंबा और मुश्किल हो जाता है कि इसकी वजह से त्योहारों में महिलाएं बीमार पड़ जाती हैं। पहले का समय अलग था। तब सफाई का अभियान एक निश्चित तरह का था, घर में गोबर-मिट्टी की लिपाई-पोताई से ले कर घर के तमाम छोटे-बड़े बर्तनों की धुलाई होती थी। घर का हर कपड़ा धोया जाता था, घर की गुदरी से ले कर सारे गद्दों और रजाई के कवर तक धो दिए जाते थे, जिनका उपयोग भले ही एक बार भी न किया गया हो। उस समय महिलाएं बहुत काम करती थीं।



### शापिंग का झंझट, बजट न बिगाड़ें पर अब समय बदल गया है

दिवाली के समय सब से बड़ा दूसरा काम है दिवाली की खरीदारी और बजट। महिलाओं की एक आदत यह होती है कि वे जो खरीदने जाती हैं, वह तो लेती ही हैं, उसके साथ अन्य दूसरी तमाम चीजें पसंद कर लेती हैं। जो भी देखती हैं, वही लेने का मन हो जाता है। परिणामस्वरूप जिस चीज की जरूरत नहीं होती, वह भी खरीदकर ले आती हैं। जिससे अधिक खर्च हो जाता है और बजट बिगड़ जाता है। मिडिलक्लास फैमिली को इन बातों का बहुत ध्यान रखना पड़ता है। इनके लिए बिगड़ा बजट घर में कलह पैदा करता है। कभी-कभी यह भी होता है कि कोई महिला किसी दूसरी महिला का सामान देखती है तो वह सामान लेने का उसका भी मन हो जाता है। महिलाओं में देखादेखी का महत्व अधिक होता है। यह देखादेखी मन को दुखी भी कर देता है। दूसरे द्वारा ली गई चीज हमें भी लेनी है, यह सोच कभी-कभी घर में अशांति भी पैदा करा देती है। ज्यादातर महिलाएं जब ऐसा करती हैं और किसी कारणवश वह चीज नहीं ले पातीं तो दुखी हो जाती हैं। इसकी वजह से पति से कहासुनी भी हो जाती है। इस बात का ख्याल रखें ऐसी स्थिति न खड़ी हो। याद रखें कि किसी का महल देख कर अपनी झोपड़ी न जलाएं। किसी ने लिया है और हमें भी लेना है। अगर बजट हो और वह चीज जरूरी हो, तभी खदीदें। बाकी बजट से बाहर बेकार खर्च न करें। बजट से बाहर खर्च करने पर आगे चल कर समस्या खड़ी हो सकती है।

### बजट का रखें ख्याल

दिवाली के पहले हमेशा एक बजट बना लेना चाहिए। बजट के साथ ही यह भी तय कर लें कि कौन-कौन सी चीज लेनी है। जिन चीजों की जरूरत हो, उसकी एक लिस्ट बना लें। उसी लिस्ट के अनुसार ही शापिंग करें। लिस्ट के हिसाब से शापिंग करेंगी तो बेकार खर्च नहीं होगा और बजट भी नहीं बिगड़ेगा। क्योंकि शोभा में पैसा खर्च करने के बजाय उसे बचा कर रखेंगी तो वह कभी परेशानी के समय में काम आएगा। तिजोरी साजश्रृंगार की चीजों से भरी हो और पैसा न हो तो तकलीफ के समय में रोना ही पड़ेगा।

### समय के साथ परंपरा भी बदलती है

आज के समय में नौकरी करने वाली महिला के पास न तो उतना समय होता है और न ही उतनी ताकत। अब महिलाओं का लक्ष्य भी बदल गया है। हम सभी को समय के साथ चलना पड़ता है। अब घड़ी की सुई के हिसाब से काम करने वाली महिलाओं के पास घर की छोटी से छोटी चीज का ढ़ंग से साफ करने का समय नहीं होता। अब सफाई के लिए बाहर से आदमी बुलाए जाते हैं। अपनी मानिटरिंग के अंतर्गत वे घर की प्रॉपर सफाई कर देते हैं। यहां कहने का मतलब यह नहीं है कि आप खुद सफाई न करें। अगर आप के पास समय है और आप का शरीर साथ दे रहा है तो आप खुद भी सफाई कर सकती हैं। बात मात्र इतनी है कि करने के लिए करना है, ऐसा करने के बजाय अगर आप के पास सुविधा है और आप के पास समय का अभाव है तो आप बाहर से आदमी बुला कर सफाई करवा सकती हैं।

### शरीर और पैसे का रखें ख्याल

हम साल में न जाने कितना पैसा मात्र शौक में खर्च कर देते हैं। तब पैसे की गिनती नहीं करते। तब ऐसे में बेकार के खर्च बचा कर घर के काम और सफाई के लिए आदमी बुला सकती हैं। वैसे तो यह हर किसी की पर्सनल च्वाइस है। कुछ लोग दिवाली के काम खुद ही करना चाहती हैं। अगर आप अपने काम खुद कर सकती हैं तो इसमें कोई बुराई भी नहीं है। सवाल मात्र यह है कि शरीर को तकलीफ हो इस हद तक कोई काम नहीं करना चाहिए। कभी ऐसा भी होता है कि हम सभी काम में इस तरह लग जाती हैं कि बाद में बीमार पड़ जाती हैं। आज के समय में नौकरी करने वाले लोगों के लिए छुट्टी की परेशानी होती है। ऐसे में त्यौहार पर बीमार हो जाने पर सारा मूड खराब हो जाता है। पूरे साल भर एक ही तरह जीवन जीते हुए हम त्यौहारों में थोड़ा मौजमजा करना चाहते हैं। पर इस समय काम के ओवरलोड के कारण बीमार पड़ जाने पर त्यौहार की छुट्टी का कोई मतलब नहीं रह जाता। इसलिए जो भी करें, खूब सोच विचार कर, शरीर को ज्यादा तकलीफ न हो, तबीयत न खराब हो, इस तरह करें। जिससे त्यौहार के समय में कोई समस्या न आए।

अक्सर ऐसा होता है कि इन कामों की वजह से घर में कहासुनी हो जाती है। घर में किसी तरह का किचकिच न हो, इस बात के ध्यान रख कर दिवाली के समय में काम करें। काम की वजह से घर में कुछ खट्टामीठा न हो, संबंध में खटास न आए, इस तरह इस मामले को टैकल करें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चुनाव

भगवान की मुस्कान
कोई फूल
कह कर नहीं खिलता
वे प्राकृतिक हैं
उस विकास में पड़ने वाली मुस्कान
में खिलता है
दुनिया मंत्रमुग्ध है
उस मंत्रमुग्ध शीर्षक पर भगवान की
मुस्कान
फूलों में पाया जा सकता है
यह क्या है ?
फूलों के साथ रहना
भगवान की मुस्कान?
उस पर संदेह मत करो
ईमानदारी से यह है
भगवान की मुस्कान
समझें कि फूल हैं
परिवर्तन का एहसास करें...
और तुम्हारे होठों पर
एक मुस्कान
आमंत्रित करना...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई-तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चुनाव

देख नेता वोट माँगय,
टेम आय चुनाव ।
तोर जम्मों काम करहूँ,
एक बार जिताव ।।
वोट मोला देव कहिके,
हाथ जोड़ मनाय ।
रोज चाउँर दार देहूँ,
बोल के ललचाय ।।
पाँच साला राज मा जी,
पोठ नोट कमाय ।
रोज काला धन सकेलत,
राज काज चलाय ।
होय कइसे अब बता जी,
सोज-सोज विकास ।
वोट देखे झन करव गा,
गोठ मा बिसवास ।।



**मुकेश उइके मयारू**
चेपा,पाली,
कोरबा
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जीवनसाथी

मेरी जान तुम,
मेरी अभियान तुम,
मेरी जिंदगी की आधार तुम,
मेरी नींद तुम,
मेरी ख़्वाब तुम,
मेरी अरमानों की सरताज तुम,
मेरी धड़कन तुम,
मेरी दिल तुम,
मेरी मोहब्बत की हक़दार तुम,
मेरी परेशानी तुम,
मेरी सुकून तुम,
मेरी दिल की आवाज़ तुम,
मेरी जीवनसाथी,
बस कुछ बस तुम बस तुम।।




**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## हजाय के हकदार हे

परदेस ला कतको लुटेरा आइस
किसिम-किसिम के भरमाइस।
वो भरम के जाला मा जेन फँसगे
कुड़होय चिखला मा जेन धँसगे।
बहरीआय के बिधि नइ लगाइस
घेंच के बुड़त तक लुटाइस
जेकर वोहा खुदे जिम्मेदार हे
अउ एमन लुटाय के हकदार हे।।
कोनो लोभ-लालच देखय हित
कोनो परदेसिया ला मानय मित।
भले गाँ-बस्ती जम्मों झँवागे
हरु-हरु सब्बों के पारी आगे।
मुखिया मनके मुहुँ सिलाय-बँधाय हे
अगुवा मनके नाक नत्थी फँसाय हे।
एसना के छिनाय सुक-संसार हे
एमन भक्कम लुटाय के हकदार हे।।
पाछु के मन लहुट के चलदिन
आगु के अवय्या इहे बसगिन
चारोंमुड़ा बिछादिन जाला-जोगिनी
जेमन खींचय आँखी के रोसिनी
बल-बुद्धि ला क्षीण करय
लुटे खातिर भक्कम भीड़ करय
एसना मनके दिन भी अंधियार हे
तभे तो एमन हजाय के हकदार हे।।
अड़हापन में हजाय चल जावय
ठट्ठा-लबारी पतियाय चल जावय
फेर आज भी वोही अड़हा दसा ए
पर के रीति मा करय मजा ए
मूलनिवासी अपन रिवाज भुलाथे
कुकरा बाग देहे के भासा गँवाथे
खीरा चाकु मा कटे बर तियार हे
तभे तो एमन हजाय के हकदार हे।।



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# हिन्दू युवा एकता मंच की विशाल शोभायात्रा

## जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर















- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। दशहरा के शुभ अवसर पर हिंदू युवा एकता मंच द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के कला केंद्र मैदान से निकल कर गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक से देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भस्म होली खेली गई। भस्म होली खेलने के बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची। यहां बनारस से आए ब्राह्मणों द्वारा गंगा आरती की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा समाप्त हुई।

दशहरा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। विजयादशमी को लेकर हिंदू युवा एकता मंच द्वारा शोभायात्रा की तैयारी पूर्व से विशेष रूप से चल रही थी। मंगलवार को शोभायात्रा शहर के कला केंद्र मैदान से निकाली गई। शोभायात्रा निकलने से पूर्व बनारस से आए ब्राह्मणों द्वारा आरती व शंखनाद के बाद शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा शहर के कला केंद्र मैदान से निकल कर गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक से देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भस्म होली खेली गई। भस्म होली खेलने के बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची। यहां बनारस से आए ब्राह्मणों द्वारा गंगा आरती की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा समाप्त हुई।

### ड्रोन से उड़ता बजरंग बली का पुतला रहा आकर्षण का केंद्र

दशहरा के अवसर पर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान विभिन्न प्रकार की झांकियां भी थीं जो आकर्षण का केन्द रहीं। मंच द्वारा ड्रोन के माध्यम से राम भक्त हनुमान के पुतले को उड़ाया गया, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र था। ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की गई।

### जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा शहर

हिंदू युवा एकता मंच द्वारा पूर्व में ही शोभायात्रा में हर घर से कम से कम एक-एक व्यक्ति को शामिल होने की अपील की गई थी। लोगों ने इस अपील को स्वीकारा और विशाल जन समूह के साथ शामिल हुए। दशहरा व शोभायात्रा को लेकर पूरे शहर में भगवा झंडे लगाए गए थे। वहीं जब शोभायात्रा निकली तो लोगों के हाथों में भगवा झंडे लहरा रहे थे। इससे पूरे शहर का माहौल भगवामय हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। वहीं आदर्श आचार संहिता को ध्यान में देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आयोजन में किसी तरह कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरी तैयारी की गई थी। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे। महामाया मंदिर परिसर में भी गोताखोर, पुलिस बल काफी संख्या में तैनात रहे।

### शोभायात्रा निकालकर कॉलेज ग्राउंड में रावण दहन

अंबिकापुर. बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह कई आयोजन किए गए। मंगलवार की शाम सरगुजा सेवा समिति और नागरिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रावण दहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावन दहन से पूर्व शाम को शहर के राम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के पीजी कॉलज ग्राउंड पहुंची।

यहां रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस वर्ष 100 फीट के रावण, 60 फीट के कुंभकर्ण व 50 फीट के मेघनाद के पुतले बनाए गए थे। रावण दहन के दौरान शिवाकाशी की टीम द्वारा एक घंटे तक आतिशबाजी की गई। जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए लोगों में खास उत्साह रहता है, इसलिए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग रावण दहन कार्यक्रम देखने पीजी कॉलेज ग्राउंड पहुंचे थे।

### पटाखे की चिंगारी से पहले ही जल गया रावण का पुतला

रावण दहन से पूर्व आतिशबाजी की जा रही थी। आतिशबाजी के बीच पटाखे की चिंगारी रावण के पुतले पर गिर गई। इससे निर्धारित कार्यक्रम से पूर्व ही रावण का पुतला धू-धूकर जल गया।

### शस्त्र पूजन के बाद अधिकारियों ने की हर्ष फायरिंग

विजयदशमी पर्व पर अम्बिकापुर पुलिस लाइन समेत सभी पुलिस थानों में सुबह शस्त्रों और पुलिस वाहनों की पूजा की गई। अफसरों ने जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे, साथ ही सरगुजा पुलिस आमजनों को न्याय दिलाने में सहयोगी बन सके, इस कामना के साथ शस्त्र एवं वाहन पूजन पश्चात अधिकारियों ने हर्ष फायर किया।

हर साल की तरह इस साल भी दशहरे के अवसर पर परम्परागत ढंग से पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार कक्ष में रखे हथियारों को बाहर निकालकर पूजा की गई। इस अवसर पर एसपी सुनील शर्मा ने कहा कि विजयदशमी पर्व के मौके पर पुलिस शस्त्रों के माध्यम से शक्ति की पूजा करती है। उन्होंने कहा कि सरगुजा पुलिस आम नागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर है। पुलिस लाइन में पारंपरिक तरीके से शस्त्र पूजा की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा हवन और पूजा-अर्चना कर जिले और प्रदेश में शांति व्यवस्था बने रहने की प्रार्थना की गई। इसी तरह से जिले के सभी थानों, चौकियों में शस्त्रों की प्रभारियों द्वारा पूजा-अर्चना की गई। पुलिस लाइन में कार्यक्रम के दौरान एएसपी पुपलेश कुमार, डिवीजनल कमांडेंट राजेश पांडेय, नगर सेना कमांडेंट शिवकुमार कठोतिया, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बतौली थाना क्षेत्र के कुनकुरी मुख्य मार्ग पर 24 अक्टूबर की रात को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में युवक गंभीरा रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अपने दो दोस्तों के साथ घटना दिवस रात को बाइक से शांतिपारा दशहरा कार्यक्रम देखने गया था। दुर्घटना के बाद दोनों दोस्तों ने उसे छोडक़र भाग गए थे। राजेश कुमार पिता हमेश्वर प्रसाद उम्र 25 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम पोपरेंगा का रहने वाला था। वह 24 अक्टूबर की रात को खाना खाने के बाद गांव के ही दो दोस्तों के साथ बाइक से शांतिपारा दशहरा कार्यक्रम देखने निकला था। देर रात को गांव के ही सत्येंद्र सिंह ने परिजन को मोबाइल से जानकारी दी की राजेश कुनकुरी मुख्य मार्ग पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन का कहना है कि दुर्घटना के बाद दोस्तों ने उसे घायल अवस्था में छोडक़र भाग गए थे। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# कीटनाशक सेवन कर महिला ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेसा निवासी एक महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर दी थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गंगोत्री कोरवा पति सुरेश कोरवा उम्र 24 वर्ष बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेसा की रहने वाली थी। वह 23 अक्टूबर को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए बगीचा स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनगरा जंगल में मंगलवार की रात 10.30 बजे एसईसीएल कर्मचारियों से भरी तेज रफ्तार बस और बाइक में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ देर बाद तीसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सूरजपुर जिले के एसईसीएल भटगांव क्षेत्र द्वारा संचालित बस मंगलवार की रात महान-3 खदान से कोल कर्मचारियों को लेकर जरही लौट रही थी। बस रात करीब 10.30 बजे अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे पर सिवानी खदान से लगे केंदली नाला के पास पहुंची थी। इसी दौरान जरही की ओर से सोनगरा के ग्राम सारसताल आ रहे बाइक सवार 3 युवकों को उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची भटगांव पुलिस तीनों युवकों को भटगांव एसईसीएल अस्पताल लेकर पहुंची। यहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। देर रात होने के कारण मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने युवकों के पास रहे मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी शिनाख्त की। मृत 2 युवकों की पहचान सोनगरा से लगे ग्राम सारसताल निवासी परमेश्वर राजवाड़े पिता दूहन 21 वर्ष व प्रेमसाय राजवाड़े पिता रूपसाय राजवाड़े 22 वर्ष के रूप में हुई है।

तीसरे युवक के नाम का पता नहीं चल सका है, लेकिन वह भैंसामुंडा से लगे ग्राम केवरा के जमतीपारा निवासी है। युवकों की मौत से उनके परिजनों व गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने पीएम पश्चात बुधवार को उनका शव परिजनों को सौंप दिया।

# ग्रैंड फिनाले में सीनियर,जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ने परचम लहराया

## शास्त्रीय,बॉलीवुड,छालीवुड, देशभक्ति एवं आध्यात्मिक गीतों पर दी सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।






अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा-पूजा महोत्सव के रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में डांस का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। इसमें सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ने आकर्षक परिधान, थी स एवं भाव-भंगिमा के साथ मनमोहक डांस किया और दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, बॉलीवुड, छालीवुड, देशभक्ति एवं आध्यात्मिक गीतों पर सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर परचम लहराया। जजों ने प्रत्येक वर्ग में बड़ी सूक्ष्मता के साथ विजेताओं का चयन किया। जज के रूप में प्राची जिंदल, अनुराधा अग्रवाल, रमेश द्विवेदी, लखन सिन्हा, अंजनी पांडेय, सिब्ते हसन ने महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मु य अतिथि अनुराग सिंह देव, विद्यानंद मिश्रा, विनोद हर्ष, निश्चल प्रताप सिंह, अंकित जायसवाल, मनोज कंसारी, सौरभ जायसवाल, अधिवक्ता संजय अ बष्ट, संजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, नितिन बंसल, अमित गोयल, सुमित गोयल, रूपेश बंसल, विनोद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, जगमेंद्र बंसल, सुनील अग्रवाल, रामगोपाल गोयल एवं दीपक अग्रवाल जी उपस्थित रहे। अनोखी सोच संस्था की ओर से संरक्षक राजेश मलिक एवं अभिभावक के रूप में बंटी शर्मा, शैलेन्द्र सोनी एवं सरोज साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा संस्था अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, भुनेश्वर साहू, चंद्रप्रताप सिंह, सुनील साहू, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

सिंगल डांस सीनियर में मोनू कुजूर प्रथम, श्रद्धा सोनवानी द्वितीय एवं सिद्धार्थ यादव तृतीय रहे। इन्हें क्रमशः होंडा एक्टिवा,ई स्कूटर एवं रेफ्रिजरेटर प्रदान किया गया। जूनियर डांस सिंगल में प्राची गुप्ता प्रथम, रौनक मुखर्जी दृतीय एवं अनन्या बरला तृतीय स्थान पर रहीं। इन्हें 55 इंच एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन एवं साइकिल प्रदान किया गया। ग्रुप डांस में देव एंड ग्रुप प्रथम, महाकाल ग्रुप द्वितीय एवं द हुड ग्रुप उड़ीसा तृतीय स्थान पर रहे, इन्हें क्रमश- एक लाख 51 हजार 71 हजार एवं 51 हजार रुपये नगद प्रदान किया गया। पूर्व आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची भी घोषित की गई। इसमें मेहंदी सीनियर वर्ग में मेघा सिंह प्रथम, विनीता सिंह द्वितीय, शीतल शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इन्हें क्रमश- 10 हजार 5100, एवं 3100 रुपये नगद राशि प्रदान की गई। मेहंदी जूनियर में प्राची गुप्ता प्रथम, शिवानी सारथी द्वितीय, किंजल दुबे तृतीय स्थान पर रहीं। इन्हें क्रमश- 5100, 3100 एवं 2100 रुपये नगद राशि प्रदान की गई। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता सीनियर में संकेत श्रीकर प्रथम, सिद्धार्थ सिंह द्वितीय, नेहा सिंह थापा तृतीय स्थान पर रहीं। इन्हें क्रमशः 10 हजार, 5100 एवं 3100 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। जूनियर रंगोली वर्ग में सान्या प्रथम,नन्दिनी दृतीय एवं आद्या साहू तृतीय रहीं। इन्हें 5100, 3100 एवं 2100 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। रस्सी खींचो प्रतियोगिता में सुशीला एंड ग्रुप प्रथम, सुन्दरी साहू ग्रूप द्वितीय रहीं, इन्हें 10 हजार, 5000 रुपये एवं सांत्वना पुरस्कार के तहत अवि एंड ग्रूप को 2000 रुपये प्रदान किया गया। शंख बजाओ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से भावेश चटर्जी एवं जूनियर से स्पर्श सिन्हा विजेता रहे, इन्हें 5100 एवं 2500 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

अनोखी सोच संस्था द्वारा मोहल्ले के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान भी किया गया। साक्षी साहू पिता पप्पू साहू को विभिन्न राष्ट्रीय एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक जीत चुकी हैं, किरण गुप्ता व रोशनी गुप्ता पिता श्याम गुप्ता दोनों सगी बहन हैं। किरण गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में फिजिक्स फैकल्टी में राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक से पुरस्कृत हुई हैं। रोशनी गुप्ता स्थानीय कोचिंग से प्रशिक्षण प्राप्त करके प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा में चयनित हुई हैं।

# बंधकों की रिहाई,गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश को प्रोत्साहित करें:इजरायल-हमास युद्ध पर पोप फ्रांसिस

**वेटिकन,25 अक्टूबर 2023 ।** पोप फ्रांसिस ने बुधवार को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई का आह्वान किया और ऐसे समय में गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने का भी आग्रह किया जब बढ़ती हिंसा के कारण निर्दोष नागरिकों की मौत हो रही है। दोनों तरफ।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पोप फ्रांसिस ने कहा, मैं हमेशा फिलिस्तीन और इज़राइल की गंभीर स्थिति के बारे में सोचता रहता हूं। मैं बंधकों की रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश को प्रोत्साहित करता हूं।

उन्होंने कहा, मैं उन पीड़ितों के लिए प्रार्थना करना जारी रखता हूं और मध्य पूर्व और युद्ध से घायल अन्य क्षेत्रों में शांति के रास्ते की आशा करता हूं।

पोप ने पहले भी इजराइल-गाजा संघर्ष पर शांति और बातचीत का आह्वान किया है। इससे पहले इजरायल पर हमास के हमले का जिक्र करते हुए पोप फ्रांसिस ने शांति और बातचीत का आह्वान करते हुए कहा था कि आतंकवाद और उग्रवाद किसी संघर्ष को सुलझाने में मदद नहीं करते हैं.

पोप ने कहा, आतंकवाद और उग्रवाद इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच संघर्ष के समाधान तक पहुंचने में मदद नहीं करते हैं, बल्कि नफरत, हिंसा, प्रतिशोध को बढ़ावा देते हैं और केवल प्रत्येक को पीड़ित करते हैं। मध्य पूर्व को बातचीत और भाईचारे के साहस पर बनी शांति की जरूरत है। फांसिस ने 'एक्स' पर लिखा।



नेशनल कैथोलिक रिपोर्टर ने अपने साप्ताहिक आम दर्शन के अंत में पोप को उद्धृत करते हुए कहा, इजरायल और फिलिस्तीन में क्या हो रहा है, मैं दुख और आशंका के साथ इस पर नजर रख रहा हूं। इतने सारे लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए।

इज़राइल, जो आमतौर पर गाजा को ईंधन की आपूर्ति करता है, ने देश पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद सभी हस्तांतरण निलंबित कर दिए। इस हमले में, हमास ने इज़राइल के खिलाफ अचानक ज़मीनी, हवाई और समुद्री आक्रमण शुरू कर दिया, जिसमें 2,500 से अधिक लड़ाके सीमा पार कर गए और दक्षिणी शहरों में विनाश किया। इसके परिणामस्वरूप 1,400 से अधिक लोगों की मौत हो गई, मुख्य रूप से नागरिक, और 220 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया।

युद्ध शुरू होने के बाद, इज़राइल ने ईंधन के प्रवेश पर रोक लगाते हुए, तटीय परिक्षेत्र पर पूर्ण नाकाबंदी लगा दी। संघर्ष शुरू होने के बाद से पहले दो सहायता काफिलों को सप्ताहांत में गाजा में जाने की अनुमति दी गई, जिसमें भोजन और चिकित्सा आपूर्ति से भरे कुल 34 ट्रक थे।

द टाइम्स ऑफ़ इज़राइल के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने दावा किया है कि गाजा के 2.4 मिलियन निवासियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिदिन कम से कम 100 ट्रकों की आवश्यकता है।

युद्ध के शुरुआती दिनों से, सेना गाजावासियों को तटीय क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थानांतरित होने का निर्देश दे रही है, यहां तक कि हवाई पत्रक बूंदों का उपयोग भी कर रही है। सेना की योजना उत्तर में अपने हमले तेज़ करने की है. इज़राइल रक्षा बलों के अनुसार, उत्तरी गाजा की अनुमानित 1.1 मिलियन आबादी में से लगभग 7,00,000 लोग दक्षिण की ओर चले गए हैं। हालाँकि, हजारों लोग उत्तर में रहते हैं, क्योंकि हमास उन्हें रहने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## यूनिसेफ ने हेरात भूकंप पीड़ितों को चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाई

**काबुल,25 अक्टूबर 2023।** खामा प्रेस के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने बताया है कि हेरात में भूकंप से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए काबुल में कम से कम 80 टन चिकित्सा सहायता पहुंची है।



यह सहायता जिसमें दवा और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं, विशेष रूप से उन 43,000 परिवारों की सहायता के लिए नामित की गई है जो हेरात में हाल ही में आए भूकंप से प्रभावित हुए हैं।

यूनिसेफ ने पुष्टि की है कि ये सामान, जिसमें दवाएं और मेडिकल गियर भी शामिल हैं, यूनिसेफ के कोपेनहेगन गोदाम से अफगानिस्तान भेजे गए थे। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इन आपूर्तियों का उद्देश्य हेरात में युवाओं, गर्भवती माताओं और परिवारों को लाभ पहुंचाना है, जो कई गंभीर भूकंपों से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, हेरात को कई देशों और मानवीय संगठनों से सहायता मिली थी और संयुक्त अरब अमीरात ने वहां एक मोबाइल अस्पताल खोला था। खामा प्रेस के अनुसार, यूनिसेफ ने 96,000 बच्चों सहित लगभग 200,000 व्यक्तियों की सहायता करने की प्रतिबद्धता के साथ, अगले तीन महीनों में अपने मानवीय प्रयासों को जारी रखने का वादा किया है।

## यूएसए की ईरान को चेतावनी:हम जंग नहीं चाहते

### अगर अमेरिकी कर्मियों पर हमला हुआ तो भुगतना होगा अंजाम

**न्यूयॉर्क ,25 अक्टूबर 2023 ।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उसके प्रतिनिधि या अमेरिकियों पर हमला करेगा तो अमेरिका उसका निर्णायक जवाब देगा। अमेरिकी की तरफ से यह अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है क्योंकि बाइडेन प्रशासन तेहरान को इजरायल और हमास के बीच युद्ध में शामिल होने से रोकने की कोशिश कर रहा है। ब्लिंकन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता है। हम नहीं चाहते कि यह युद्ध बढ़े। लेकिन अगर ईरान या उसके प्रतिनिधि कहीं भी अमेरिकी कर्मियों पर हमला करते हैं, तो कोई गलती न करें। हम अपने लोगों की रक्षा करेंगे, हम अपनी सुरक्षा की रक्षा तेजी से और निर्णायक रूप से करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी



ब्लिंकन ने रूस और चीन सहित 15-सदस्यीय सुरक्षा परिषद के अन्य लोगों से भी आग्रह किया कि वे ईरान से कहें कि वह इज़रायल के खिलाफ कोई और मोर्चा न खोले या उसके सहयोगियों पर हमला न करे, और यदि वह ऐसा करता है तो उन्हें जवाबदेह ठहराए। यदि आप, संयुक्त राज्य अमेरिका की तरह, इस संघर्ष को फैलने से रोकना चाहते हैं, तो ईरान को बताएं, अपने प्रतिनिधियों को बताएं सार्वजनिक रूप से, निजी तौर पर, हर माध्यम से इज़रायल के खिलाफ एक और मोर्चा न खोलें। इज़राइल के साझेदारों पर हमला न करें। ब्लिंकन की टिप्पणियां अमेरिका द्वारा बढ़ाए जा रहे संदेश अभियान में नवीनतम बयान हैं, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी सेना के खिलाफ क्षेत्र में हिंसा में ईरान की भागीदारी है, साथ ही लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों का समर्थन है, जिन्होंने हाल के दिनों में इजरायल पर रॉकेट हमले शुरू किए हैं। अमेरिका ने कहा कि वह क्षेत्र में अमेरिकी बलों पर ड्रोन और रॉकेट हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराएगा।

## धान की खरीदी के लिये उड़न दस्ता दल का गठन

### समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने की प्रवृत्तियों पर करेंगे नियंत्रण

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के दौरान जिले में अन्य राज्यों से धान लाकर खरीदी केन्द्रों में बेचने तथा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान की खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण के लिये जिला कलेक्टर द्वारा उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र अम्बिकापुर में तहसीलदार अंबिकापुर उमेश्वर बाज, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन लाल गुप्ता और कृषि उपज मण्डी के मण्डी सचिव प्रभुदयाल सिंह, तहसील क्षेत्र लखनपुर में तहसीलदार लखनपुर नीरज कौशिक, खाद्य निरीक्षक लखनपुर श्री शैलेन्द्र एक्का और उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री शिवनारायण सिंह, तहसील क्षेत्र उदयपुर में तहसीलदार उदयपुर श्रीमती चन्द्रशीला जायसवाल, खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी शिवनारायण सिंह, तहसील क्षेत्र लुण्ड्रा में तहसीलदार लुण्ड्रा श्रीमती नीतू भगत, खाद्य निरीक्षक नवीन सिंह, एवं कृषि उपज मण्डी के सहायक ग्रेड-3 श्री आत्माराम पाण्डे, तहसील क्षेत्र बतौली उत तहसीलदार लुण्ड्रा श्रीमती तारा सिदार, खाद्य निरीक्षक बतौली श्री राजन कश्यप एवं कृषि उपज मंडी के सहायक ग्रेड-3 आत्माराम पाण्डे को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह तहसील क्षेत्र मैनपाट में प्रभारी तहसीलदार मैनपाट प्रांजल गोयल, खाद्य निरीक्षक मैनपाट श्री देवेशदेव दास, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री यादवेन्द सिंह, तहसील क्षेत्र सीतापुर में तहसीलदार सीतापुर रामराज सिंह, खाद्य निरीक्षक सीतापुर श्री गौर सिंह जात्रे, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री यादवेन्द सिंह, तथा तहसील क्षेत्र दरिमा में तहसीलदार दरिमा श्रीमती अंकिता पटेल, खाद्य निरीक्षक श्री शिवकुमार मिश्रा, एवं कृषि उपज मण्डी के मण्डी सचिव श्री प्रभुदयाल सिंह को दायित्व सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023

## मतदाता जागरुकता के लिए मीडिया संस्थान होंगे राष्ट्रीय मीडिया सम्मान-2023 से सम्मानित

**» भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया संस्थानों से 10 दिसंबर तक मंगाई प्रविष्टियाँ**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों का चयन कर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मीडिया सम्मान प्रदान करता है। राष्ट्रीय मीडिया सम्मान वर्ष 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया संस्थानों से 10 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में बताया गया है कि मीडिया संस्थान अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मीडिया सम्मान-2023 हेतु मीडिया संस्थानों से चार श्रेणियों प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाईन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया में पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है।

पुरस्कार पाने हेतु इच्छुक मीडिया संस्थान अपना आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव (संचार) श्री राजेश कुमार सिंह, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली 110001 को उक्त समयावधि में प्रेषित कर सकते है। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन तथा अनुशंसाओं को आयोग द्वारा गठित निर्णायक मण्डल के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित संस्थानों को 25 जनवरी 2024 राष्ट्रीय मतदाता दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव हेतु प्रेमनगर से भाजपा उम्मीदवार सहित दो ने किया नामांकन दाखिल

### नौ ने लिया नामंकन पत्र

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

बुधवार को जिले के प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार भूलन सिंह मरावी ने अपना नामांकन दाखिल किया,वही 9 लोगो ने नामांकन पत्र लिया है।



जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर के लिए 02, भटगांव के लिए 05 एवं प्रतापपुर के लिए 02 व्यक्तियों ने फार्म लिया है।जिसमे प्रेमनगर से वीरेंद्र जायसवाल व कु. कोतमा चक्रधारी भटगांव से मोतीलाल पैकरा,लक्ष्मी राजवाड़े, रामनारायण पाटले,धर्मेंद्र कुमार,आलम सिंह व प्रतापपुर से आशा देवी व सीता राम पंडो शामिल है।प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार भूलन सिंह मरावी व गणेश राम उर्रे ने नामांकन दाखिल किया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## नाम निर्देशन का तीसरा दिन,5 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन,12 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फॉर्म

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिले में बुधवार को नाम निर्देशन के तीसरे दिन नामांकन पत्र क्रय करने एवं जमा करने के कार्य में जहां विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से 04 प्रत्याशियों ने आज नाम निर्देशन पत्र क्रय किया, वहीं 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अंबिकापुर से 02 प्रत्याशियों ने







नामांकन पत्र क्रय किए हैं, और 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर से 06 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया। वहीं आज 01 प्रत्याशी द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

जमा किए गए नामांकन पत्र- विधानसभा क्षेत्र-09 लुण्ड्रा हेतु भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी श्री प्रबोध मिंज एवं हमर राज पार्टी से श्री अनुक प्रताप सिंह टेकाम ने, विधानसभा क्षेत्र-10 अम्बिकापुर हेतु निर्दलीय प्रत्याशी मीरा रवि एवं अनिल श्रीवास्तव तथा विधानसभा क्षेत्र-11 सीतापुर हेतु भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी श्री रामकुमार टोप्पो द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है।

क्रय किए गए नामांकन पत्र - नामांकन पत्र क्रय करने में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 09 लुण्ड्रा हेतु प्रत्याशी श्री बलवीर नागेश मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, दिलीप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, राम प्रसाद लकड़ा एवं प्रमोद मिंज ने निर्दलीय से नामांकन पत्र क्रय किया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अम्बिकापुर हेतु प्रत्याशी श्रीमती शांति देवी राजवाड़े आम आदमी पार्टी एवं श्री रामकुमार सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नामांकन पत्र क्रय किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर हेतु प्रत्याशी श्री कमलनाथ हमर राज पार्टी,संतोष कुमार खेस, रामकुमार राम, राजकुमार लकड़ा, श्रीमती शांति देवी और श्रीमती बालमदीना ने निर्दलीय से नामांकन पत्र क्रय किया है।

## अंबिकापुर विधानसभा सीट के लिए भाजपा ने राजेश अग्रवाल को उतारा मैदान में

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी अंतिम लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में बाकी बचे 4 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें सबसे हाईप्रोफाइल सीट अंबिकापुर की है। अंबिकापुर सीट से भाजपा ने राजेश अग्रवाल को कांग्रेस के टीएस सिंहदेव के खिलाफ मैदान में उतारा है।



पिछले 3 विधानसभा चुनावों में अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव ही जीतते आए हैं।

भाजपा ने अंबिकापुर सहित बाकी बची 4 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अंबिकापुर सीट से जहां पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लखनपुर राजेश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा 90-90 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दिए जाने से चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। हाईप्रोफाइल सीट मानी जा रही अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव के खिलाफ भाजपा के राजेश अग्रवाल मैदान में होंगे। राजेश अग्रवाल की पकड़ भी लखनपुर व उदयपुर क्षेत्र में मजबूत बताई जा रही है। इन क्षेत्रों से ही टीएस सिंहदेव अब तक बढ़त बनाते आए हैं।

## प्रतापपुर में मनाया गया धूमधाम से दशहरा

**- संवाददाता -**
**प्रतापपुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड के द्वारा सत्यापारा सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा महापर्व प्रतापपुर मुख्यालय के स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतले का दहन किया गया इसके पूर्व मां दुर्गा पूजन समिति के द्वारा मंच पर एक से बढ़कर एक भक्ति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भक्ति में प्रस्तुति में उपस्थित हजारों की संख्या में जन सैलाब ने मनमोहक कार्यक्रम का भी आनंद लिया कार्यक्रम मां जगत जननी मां दुर्गा जी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर मां दुर्गा एवं श्री राम जीके महा आरती के पक्ष में एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जहां नगर के उत्साहित युवा एवं बच्चों ने मनमोहन संस्कृति कार्यक्रम से हजारों की संख्या में भक्तों का जन सैलाब का मन मोह लिया श्री राम लक्ष्मण सीता हनुमान रावण का जीवंत झांकिया ने आए हुए लोगों का मन मोह लिया तथा आकर्षण का केंद्र बना रहा समिति ने लोगों को दशहरा पर्व की बधाई दी तथा आतिशबाजी के बीच राम रावण का युद्ध और जय जय श्री राम हर हर महादेव के नारों से पूरा प्रतापपुर गूंज उठा दशहरा पर्व पर पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ प्रेमसाय सिंह मां दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी दशहरा का शुभकामनाएं दिए





प्रतापपुर में रावण दहन में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जन सैलाब उमर पाड़ा जहां एक से बढ़कर एक आतिशबाजियों का नजारा देखने को मिला वही पूरा प्रतापपुर में बीड़ी बीड़ी नजर आया इस उत्सव को देखने के लिए करीब 20000 की संख्या में लोग सम्मिलित हुए मां दुर्गा पूजन समिति के कोषाध्यक्ष एवं क्षेत्र के विख्यात एनाउंसर राजेश गुप्ता ने मंच का शानदार संचालन करते हुए मन मोह लिया इस दौरान दुर्गा पूजन समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता नवीन सोनू जायसवाल अरविंद जायसवाल विनोद जायसवाल कमलेश गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी संजय जयसवाल शेखर शर्मा गुल्ली अग्रवाल अनमोल शर्मा मां महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्यासागर सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मरावी अनिल गुप्ता नरेंद्र गर्ग मनीष तायल सुमित गुप्ता गोलू अग्रवाल अमित सोनी सूरज रजक पिंटू जायसवाल रवि मेहता अंकुर बंसल गोलू जैसवाल पल्लू तिवारी संजय तिवारी शाहिद भारी संख्या में लोगों का जन सैलाब उपस्थित था।

CMYK

# बैकुंठपुर विधानसभा के पटना क्षेत्र में जोगी कांग्रेस का कांग्रेस में हुआ विलय या कांग्रेस को जोगी कांग्रेसियों ने किया हाइजैक?

**पटना 84 के अधिकांश कद्दावर कांग्रेसी नहीं दिखे टिकट मिलने के जश्न में,जश्न में जोगी कांग्रेस से वापसी करने वाले हुए शामिल**

**विधायिका को पुनः टिकट मिलने के बाद आतिशबाजी में भी चंद लोगों की उपस्थिति**

**विगत विधानसभा चुनाव में जिसने स्वयं नहीं छुआ 10 हजार का आंकड़ा...वे 60 हजार वोटों को साधने का कर रहे थे दावा**





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में बैकुंठपुर क्षेत्र क्रमांक 3 सबसे हाई प्रोफाइल सीट बना हुआ है। क्षेत्र के कद्दावर कांग्रेसियों की मंशा को नजरअंदाज करते हुए और सर्वे रिपोर्ट को धता बताते हुए पार्टी ने एक बार पुनः विधायिका अंबिका सिंह देव को मैदान में उतारा है। इसके बाद से ही खुले तौर पर कलह सामने दिखाई देने लगा है। जब पार्टी ने काफी देर करते हुए टिकट की घोषणा की तो यह तय हो गया कि पार्टी द्वारा अन्य दावेदारों को केवल लंबे समय तक अंधेरे में रखा गया, जबकि टिकट पहले से तय था। चुनाव नतीजे में क्या होगा और ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है, परंतु टिकट मिलने के बाद खुशी में जश्न मानने



वाले केवल चंद लोगों की उपस्थिति ने काफी हद तक आईना साफ करके रखा है। एक ओर जहां वर्तमान विधायक को टिकट मिलने पर चंद कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया, वहीं दूसरी ओर टिकट के अन्य दावेदारों के घर हजारों की उपस्थिति भीड़ ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। गौरतलब बात यह है कि वर्तमान विधायक को टिकट मिलने के बाद जो लोग जश्न मनाते दिखे, उनमें से अधिकांश लोग विगत विधानसभा उपचुनाव में जोगी कांग्रेस में शामिल थे। यहां तक




की विगत चुनाव में जोगी कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थकों के अलावा कोई भी फ्रेम में नजर नहीं आया। सोचने वाली बात यह है कि पटना 84 क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, जहां राज्य स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी निवासरत हैं। परंतु हालात बयां करते हैं कि वर्तमान विधायिका के पक्ष में केवल वही लोग नजर आ रहे हैं जो कुछ समय पहले तक जोगी कांग्रेस के सिपहसालार थे। इसीलिए यह सोचनीय है कि वर्तमान में पटना क्षेत्र में जोगी कांग्रेस का कांग्रेस में विलय हुआ या जोगी कांग्रेसियों ने पटना 84 के कांग्रेस को ही हाईजैक कर रखा है।

## कांग्रेस से एक महिला दावेदार और समर्थकों का सोशल मीडिया में धमकाने वाला अंदाज भी कांग्रेस के लिए चिंता का विषय

बैकुंठपुर विधानसभा के लिए एक अन्य कांग्रेसी महिला जो वर्तमान में बैकुंठपुर जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष हैं अपने समाज के वोटो की संख्या के आधार पर इन्होंने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी। और अंत तक इनका भी नाम पैनल में बरकरार था। इन्हें उम्मीद थी कि समाज के वोटों की संख्या के आधार पर और वर्तमान विधायक के खराब सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन्हें टिकट मिल सकता है। परंतु उनके अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न समारोह के फोटो जिसमें कई राजनीतिक पार्टियों के लोग शामिल होते थे, उन्हें बड़े नेताओं को दिखाकर इस महिला दावेदार को भाजपा समर्थित सिद्ध किया गया और इनकी टिकट की दावेदारी को कमजोर किया गया। सूत्रों के अनुसार इस महिला दावेदार ने अपने खिलाफ साजिश रचने का सारा आरोप पटना क्षेत्र के उन कांग्रेसी नेताओं पर मढ़ा है, जो वर्तमान विधायिका के खासमखास बने हुए हैं। सोशल मीडिया में वर्तमान में इनका एक धमकी भरे अंदाज वाला पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें इन्होंने स्पष्ट लिखा है कि आज आप साजिश कर जीत गए हो, लेकिन कल क्या होगा आपको अंदाजा नहीं है। मतलब वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष किसी बड़े खेल की तैयारी में है, और हो ना हो साहू समाज के नेतृत्व की लालसा के मद्देनजर जहां विगत चुनाव में साहू समाज ने भाजपा से दूरी बना ली थी, कहीं इस बार समाज का भाजपा प्रेम खुल कर ना सामने आ जाए।

## विगत विधानसभा चुनाव में जिसने स्वयं नहीं छुआ 10 हजार का आंकड़ा वे 60 हजार वोटों को साधने का कर रहे थे दावा

विगत विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी रहे नेता जिन्होंने वर्तमान विधायिका के खिलाफ ही जाकर चुनाव लड़ा था, और पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 9000 वोट लेकर सिमट गए थे। उन्होंने बड़े जोर शोर से पटना 84 को साधने का बीड़ा उठाया है। और वर्तमान विधायक के सबसे खासमखास बने हुए हैं। वर्तमान विधायक के टिकट मिलने की खुशी में अपुष्ट सूत्रों के अनुसार इन्होंने हनुमान मंदिर में 101 किलो लड्डुओं का भोग भी लगाया, जो क्षेत्र के लिए चर्चा का विषय भी बना। सूत्रों की माने तो कई कद्दावर कांग्रेसी जो टिकट की दौड़ में भी थे, उन्हें यह बात नागवार गुजरी है। वहीं दूसरी ओर लोग चुटीले अंदाज में मजा भी ले रहे हैं, की जिसने स्वयं विधानसभा चुनाव लड़कर 10 हजार का आंकड़ा नहीं छुआ वह 60 हजार वोटो को साधने का दावा चंद नौसीखिए कांग्रेसियों के भरोसे कैसे कर सकता है? गौरतलब बात यह है कि उनकी टीम में वही लोग शामिल हैं, जिन्होंने पिछले चुनाव में जोगी कांग्रेस का प्रचार प्रसार किया था और वर्तमान विधानसभा चुनाव के पूर्व अपने से सटे कार्यकर्ताओं को इन्होंने अलग-अलग कांग्रेसी विंग के विभिन्न कार्यकारिणी में स्थान भी दिलाया है। अब उन्हीं कार्यकर्ताओं के भरोसे इन्हें कितनी सफलता मिलेगी यह आने वाला वक्त बताएगा।

## दलबदलू नेताओं के भरोसे पटना 84 से बढ़त की आस,कहीं मुंगेरीलाल के हसीन सपने तो नहीं?

विगत चुनाव में जब अजीत जोगी ने जोगी कांग्रेस का गठन किया था, तो पूरे बैकुंठपुर विधानसभा से केवल पटना 84 के चंद नेताओं ने जोगी कांग्रेस का दामन थामा था और इन्होंने ही वर्तमान विधायिका के खिलाफ विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। जिस कारण प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता आने और बैकुंठपुर से कांग्रेस की विधायक बनने के बाद इन जोगी कांग्रेसियों से वर्तमान विधायिका की दूरी जग जाहिर थी। मौका मिलते ही एक दूसरे को कोसना इनका शगल था। परिस्थितियों बदली और अब हालात यह है कि वर्तमान विधायिका के साथ पटना क्षेत्र में केवल वही नजर आ रहे हैं, जो पिछले विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस के साथ थे। और वे कांग्रेसी जिन्होंने तन मन धन से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में अपना योगदान दिया, वह किसी फ्रेम में नजर नहीं आ रहे। इस बात की पुष्टि तब हुई जब वर्तमान विधायिका को ही पुनः बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया, टिकट की घोषणा के वक्त वह पटना क्षेत्र में ही थी और पटना क्षेत्र के सारे कद्दावर कांग्रेसी भी क्षेत्र में ही थे। परंतु टिकट मिलने की खुशी का जश्न मनाने में और आतिशबाजी में केवल जोगी कांग्रेस के नुमांइदे ही नजर आए। जिन्होंने वर्तमान में पुनः दल बदल कर कांग्रेस प्रवेश कर रखा है, एवं वर्तमान विधायिका के हितैषी बने हुए हैं। आलम यह है कि अब पटना 84 के 60 हजार वोटों को साधने की जवाबदारी इन्हीं दलबदलु नेताओं के भरोसे है। क्योंकि जैसे हालात निर्मित हुए हैं, लगता नहीं की सीनियर कांग्रेसी झोला झंडा उठाने वाले हैं।

# क्या युवाओं के लिए आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी हो सकते हैं एक अच्छा विकल्प?

**दोनों राष्ट्रीय पार्टी से बोर होने वाले,वादाखिलाफी करने वाले पार्टियों को वोटर सीखा सकते हैं सबक**

**क्या युवा व शिक्षित प्रत्याशी को मौका देगी क्षेत्र की जनता?**

**पटना 84 के पास अपना प्रत्याशी, पर दो स्थापित पार्टियों से सीधी टक्कर**

**आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी युवा,बुजुर्ग सभी तक पहुंच कर मांग रहे उनसे अपना आशीर्वाद**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

देश की राजधानी दिल्ली में तीन बार धमाकेदार परचम फहराने के बाद एक बड़े राज्य पंजाब में विपक्षियों का सुपड़ा साफ करते हुए सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी ने जब गुजरात विधानसभा चुनाव जोर-शोर से लड़ा और आजादी के बाद से ही स्थापित कांग्रेस से भी अच्छा प्रदर्शन कर दिखाया। जबकि गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की एकतरफा चली थी, बावजूद इसके आम आदमी पार्टी के पांच प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद हुए दिल्ली एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बीजेपी का भी सफाया करते हुए अपना कब्जा जमाया, तब देश की नजरें इस पार्टी



की ओर उठ चली और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिरकार कोई तो बात होगी इस पार्टी के सरकार के काम करने के तौर तरीकों में, जिस कारण अल्प समय में ही पार्टी ने उम्मीद से अधिक सफलता का स्वाद चखा और देश की राजधानी दिल्ली में तीन बार लगातार भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, और पार्टी की ओर से बनाए गए विधानसभा प्रत्याशियों की ओर नजर डालें, तो यहां भी पार्टी स्वच्छ छवि वाले युवाओं को नेतृत्व का मौका दे रही है। इसी तारतम्य में बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 से आम आदमी पार्टी ने पेशे से युवा चिकित्सक जो पटना 84 क्षेत्र के ग्राम छिंदिया से आते हैं, डॉक्टर आकाश जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि डॉक्टर आकाश जायसवाल का अब तक का अधिकांश समय प्रदेश की राजधानी रायपुर में बीता है। परंतु उनको व्यक्तिगत रूप से जानने वालों की संख्या भी क्षेत्र में बहुतायत है। क्योंकि पेशे से चिकित्सक होने के नाते बहुत से क्षेत्रीय लोगों को उन्होंने राजधानी रायपुर में चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में महती भूमिका निभाई है। डॉक्टर आकाश जायसवाल विगत एक वर्ष से आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने के बाद क्षेत्र में सक्रिय हैं, और लोगों को आम आदमी पार्टी के विचारधारा से जोड़ने का अनथक प्रयास किया है। जिसके एवज में पार्टी ने उन्हें अपना विधानसभा प्रत्याशी बनाया है।

### प्रदेश में और क्षेत्र में तीसरे विकल्प की मांग वर्षो से,क्या आम आदमी पार्टी प्रत्याशी बन सकते हैं बेहतर विकल्प

छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद ही प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से अलग तीसरी विकल्प की मांग ने समय-समय पर बहुत जोर पकड़ा। कई क्षेत्रीय दलों ने इसका प्रयास भी किया। प्रदेश के कई कद्दावर नेताओं ने तीसरे मोर्चे को सफल बनाने का प्रयास किया, परंतु अभी तक सफलता किसी को भी नहीं मिल पाई। प्रदेश के साथ ही बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में भी दोनों राष्ट्रीय पार्टियों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेताओं से अपेक्षित जन कल्याण पूर्ण ना होने की एवज में तीसरे विकल्प के बारे में सोचने वाले लोगों की भी संख्या मौजूद है। परंतु उपरोक्त दोनों दलों के अलावा अन्य पार्टियां जिन्होंने अपने उम्मीदवार तो उतारे, परंतु जातिगत और क्षेत्रीय पार्टी होने का करण उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। इस बार एक और तीसरे राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी आम आदमी पार्टी से बैकुंठपुर विधानसभा में शिक्षित और युवा डॉक्टर आकाश जायसवाल आम आदमी पार्टी से मैदान में हैं।अब देखने वाली बात यह है कि बहुप्रतीक्षित तीसरे विकल्प की मांग पूरी हो पाती है या नहीं? हालांकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में रुष्ट नेताओं की संख्या इस विधानसभा चुनाव में स्पष्ट परिलक्षित हो रही है, इन रुष्ट नेताओं का रुख किस ओर रहेगा, यह भी देखने वाली बात होगी।

### आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी युवा,बुजुर्ग,महिलाएं सभी तक पहुंच कर मांग रहे उनसे अपना आशीर्वाद

आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर आकाश जायसवाल ने अपना जनसंपर्क काफी पहले से प्रारंभ कर दिया था। परंतु बड़ा क्षेत्र और अल्प समय होने के कारण अभी तक बहुतायत जगह में उनकी पैठ नहीं बन पाई है। बावजूद इसके विधानसभा प्रत्याशी घोषित होने के पूर्व से ही उन्होंने गांव-गांव, घर-घर दस्तक देना प्रारंभ कर दिया था, जो वर्तमान तक जारी है। अपने चुनावी कैंपेन में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी 24 घंटे जुटे हुए हैं। क्योंकि यह पार्टी और उसके प्रत्याशी क्षेत्र के लिए नये हैं। और इनके पास जन-धन संसाधन की भी अन्य प्रत्याशियों की तुलना में कमी है। बावजूद इसके अपना पूरा जोर पार्टी प्रत्याशी लोगों को रिझाने में लगे हुए हैं। क्षेत्र के लिए नए होने के बावजूद भी युवा होना, उच्च शिक्षित होना, पेशे से डॉक्टर होना इनके बहुत काम आ रहा है। साथ ही प्रखर वक्ता होने के कारण लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में ये सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीमित और कम संसाधन में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की चाह रखने वाले युवा डॉक्टर आकाश जायसवाल का चुनाव नतीजा क्या होगा, यह तो समय के गर्भ में है। परंतु जिस ऊर्जा के साथ आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ने अपना कैंपेन प्रारंभ किया है, वह अन्य पार्टी प्रत्याशियों के लिए सोचनीय विषय बनेगा, यह तय है।

### पटना 84 के पास अपना प्रत्याशी,पर दो स्थापित पार्टियों से सीधी टक्कर

पटना 84 जो बैकुंठपुर विधानसभा का सबसे महत्वपूर्ण भूभाग और हिस्सा है, और जिस क्षेत्र में पूरे विधानसभा के एक तिहाई से ज्यादा वोटर निवासरत हैं। यहां के निवासियों को उम्मीद थी कि इस बार प्रदेश में स्थापित दोनों राजनीतिक पार्टियों में से कोई एक पार्टी पटना 84 के वोटरों को ध्यान में रखते हुए यहां से अपना प्रत्याशी घोषित करेगी। परंतु क्षेत्र के विकास के लिए सोचने वाले बुद्धिजीवियों की इस मंशा पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पानी फेर दिया। जबकि इन दोनों पार्टियों से पटना 84 के कद्दावर नेताओं ने दावेदारी प्रस्तुत की थी। समय-समय पर पटना 84 के बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए राजनीतिक पार्टियों की ओर मुंह ताकना पड़ा है, जिस पर तीसरी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी आम आदमी पार्टी ने मुहर लगाया और एक शिक्षक परिवार के युवा चिकित्सक को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिनकी सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के दो स्थापित नेताओं से है। इस विधानसभा चुनाव में अब देखने वाली बात यह होगी, कि क्या पटना के 84 ग्रामों का बुद्धिजीवी वर्ग एकमत होकर अपने क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को विधानसभा तक भेजता है या नहीं??


## पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े के नामांकन में आज शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह

**भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी के नेतृत्व में होगी नामांकन रैली**

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जिसके बाद से ही द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र की खरीदी और दाखिले किए जा रहे हैं।जिस तारतम्य में कोरिया जिले की बैकुंठपुर विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े ने पहला नामांकन पत्र लिया था। प्रदेश के पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट पहुंच कर नामांकन फार्म खरीदा था।जिसके बाद आज 26 तारीख को भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में और पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की डॉ रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े का नामांकन फार्म दाखिल किया जायेगा।नामांकन रैली खरवत चौक से सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के लिए निकलेगी। आपको बता दें की नामांकन दाखिल करने के दौरान भईया लाल राजवाड़े के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह होंगे।और जिसको लेकर विधानसभा बैकुंठपुर में जोरदार स्वागत और नामांकन रैली की व्यवस्था की गई है।जिस रैली में भाजपा कोरिया के सभी प्रकोष्ठों, मोर्चो, और मंडलों सहित भाजपा का पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे साथ ही भईया लाल राजवाड़े के समर्थक व मतदाता भी भारी संख्या में मौजूद रहेंगे।आपको बता दें की बैकुंठपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े और भाजपाई कार्यकर्ताओं के द्वारा काफी पहले से जोरदार जनसंपर्क के साथ आमसभाओं में लगातार रत रही है।जिसके मद्देनजर नामांकन रैली में उन मतदाता समर्थकों का साथ भी राजवाड़े के साथ रहेगा।अवगत करा दें की विधानसभा आम निर्वाचन-2023 द्वितीय चरण में सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग संभाग की कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक का समय दिया गया है, लेकिन इस बीच सार्वजनिक छुट्टी और महीने के चौथे शनिवार की छुट्टी के कारण 4 दिन तक अभ्यर्थी नामांकन दाखिल नहीं कर पाएंगे। 22 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 28 अक्टूबर और 29 अक्टूबर को छुट्टी के दिनों में नाम निर्देशन की कार्रवाई नही होगी। चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार दो नवंबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापस लेने के प्रत्येक सूचना आरओ को अभ्यर्थी या उसके प्रस्ताव या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा लिखित में देनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तावक निर्वाचन अभिकर्ता को लिखित में रुप में प्राधिकृत करना होगा, अन्यथा नाम वापसी मान्य नहीं होगी। नाम वापसी के लिए निर्धारित प्रारुप-5 है। मतदान 17 नवंबर को और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।



# क्या सरकार के पास विकास नहीं सिर्फ किसान का कर्ज माफी ही दोबारा सरकार में आने का एकमात्र विकल्प ?

- क्या छत्तीसगढ़ की सरकार 5 साल में किसानों का कर्जा माफ व 2500 धान खरीदने के बाद भी किसानों को समृद्ध नहीं बना पाई ?
- इस बार कर्ज माफी के बाद क्या किसान समृद्ध हो जाएंगे ? : अनिल जायसवाल भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कोरिया
- क्या वर्तमान सरकार मान रही है कि 5 साल में वह किसानों को समृद्ध नहीं बना पाई किसान आज भी कर्ज में, उनकी स्थिति है खराब ?
- क्या वर्तमान सरकार के लिए सत्ता में आने का एकमात्र रास्ता है भोले भाले किसानों को बेवकूफ बनाना ?

-रवि सिंह-
कोरिया,25 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।



कोरिया जिले के भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के उस घोषणा पर अपना पक्ष रखा है जो मुख्यमंत्री ने आगामी चुनाव के मद्देनजर किसानों के लिए जारी किया है, मुख्यमंत्री ने एक घोषणा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए की है जिसमे उन्होंने यह कहा है की वह इस बार यदि सत्ता में आए तो वह किसानों का कर्जा पुनः माफ करेंगे वहीं वह यह भी कहते सुनें गए यह निर्णय प्रदेश के किसानों के हित में है। अब इस घोषणा के बाद किसान मोर्चा कोरिया उपाध्यक्ष भाजपा अनिल जायसवाल का बयान आया है और उन्होंने कहा है की यह तो होना ही था,किसानों का कर्जा माफ पिछली भी घोषणा थी वर्तमान सरकार के दल की जब सत्ता में आए वह एक बैंक का कर्जा माफ किए बाकी किसान जो अन्य बैंक के कर्जदार थे वह पांच साल इंतजार करते रहे वहीं जिनका कर्जा माफ हुआ वह भी संतुष्ट नहीं थे यह नज़र भी आ रहा था और यह दिख रहा था की कांग्रेस घोषणा पत्र पर अमल नहीं कर पाई और यह साबित भी हो गया जब वह पुनः सत्ता में आने के लिए कर्जा माफ की घोषणा कर रही और किसानों को एक बार फिर छलने का प्रयास कर रही है जबकि इस बार किसान भी समझ चुके हैं की कांग्रेस को सत्ता की भूख है कांग्रेस किसानों को फिर ठगने वाली है और किसान इस बार उनके झांसे में नहीं आने वाले यह किसान ठान चुके हैं।

कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता की लालसा में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से पूर्व बहुत सारी घोषणाएं की थीं जिनमे से अधिकाशं आज भी पूरी नहीं हुई हैं और जिसको लेकर लोग अक्रोशित हैं और सरकार को कोसने का काम कर रहे हैं,कांग्रेस ने सत्ता के लिए प्रदेश के भोले भाले लोगों को वर्ष 2018 में झांसे में लिया था और पांच साल प्रदेश को खोखला करने का काम वह करती रही कांग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य साबित हो रहा था जहां से वह पूरे देश में अपनी पार्टी की नींव मजबूत करती रही पांच सालों तक अब जब जनता जान गई की कांग्रेस झूठे वादों के सहारे प्रदेश को खोलखा करना चाहती है और वह जान चुकी है की जनता जान गई है इसलिए वह फिर एक बार झूठे वादों के साथ चुनाव लड़ने उतरी है जिसमे वह सफल नहीं होगी।

## किसानों का कर्ज माफी कांग्रेस पार्टी का नया झूठ,इस बार किसान झांसे में आने वाले नहीं

अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा यदि कांग्रेस सत्ता में आएगी यह कांग्रेस की इस बार की घोषणा है,किसान उनके झूठे घोषणा में इस बार विश्वास नहीं करने वाले। किसान पांच सालों तक इस सरकार के झांसे में फंसे रहे उन्हे पांच सालों तक लगता रहा की कांग्रेस की वर्तमान सरकार अपना घोषणा पूरी करेगी किसानों के हर बैंक का कर्जा माफ करेगी लेकिन एक दो बैंको का ही कर्जा माफ किया सरकार ने और बाकी बैंको का कर्जा माफ नहीं किया जबकि किसान अपनी सुविधा अनुसार कई बैंको से कर्जा लिए हुए थे जो उन्हे या तो खुद पटाना पड़ा या आज भी वह कर्ज में है। कांग्रेस को आभास हो गया की किसान इस बार उसके साथ नहीं जा रहे हैं किसानों का विश्वास कांग्रेस पार्टी से उठ गया है इसलिए फिर वह कर्जा माफी की झूठी घोषणा का सहारा ले रही है जिसमे किसान फंसने वाले नहीं। किसान जान चुका है की कांग्रेस उन्हे फिर ठगने आ रही है जिसे वह सफल नहीं होने देंगे उन्हे इस बार।

## सत्ता की भूख है इसलिए झूठे वादे करती है कांग्रेस,जनता जान चुकी है पिछले वादे अधूरे हैं,झांसे में आने वाली नहीं है जनता

कांग्रेस सत्ता की भूखी है कांग्रेस को किसी भी तरह सत्ता में वापसी चाहिए जबकि वह जान चुकी है जनता ने ठान लिया है और प्रदेश से कांग्रेस की विदाई जनता करने वाली है। जनता का रुख देखकर कांग्रेस फिर झूठ का पुलिंदा झूठा घोषणा पत्र सामने रख रही है ,पूर्व की घोषणा जबकि अधूरे हैं और अब जनता कांग्रेस के झूठे वादों के झांसे में नहीं आने वाली यह जनता ठान चुकी है।हर वर्ग के लिए कांग्रेस ने पिछली बार घोषणा की थी और जो पूरी तरह अधूरे हैं और सभी इससे नाराज हैं वह इस बार कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाले यह तय है।

## पांच सालों में किसानों को समृद्ध नहीं कर पाई कांग्रेस सरकार,फिर झूठी घोषणा के सहारे वह सत्ता की लालसा में चुनाव जीतने की तैयारी में है,सफल नहीं होगी

अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की कांग्रेस पांच सालों तक सत्ता में रही और किसानों को समृद्ध नहीं कर पाई यह वह खुद मान रही है कर्जा माफी की घोषणा करके,किसान प्रदेश में परेशान है वह 2018 के पिछले चुनाव के झूठे वादे में फंसकर बुरी तरह परेशान है वहीं कांग्रेस फिर किसानों को झूठे वादे के सहारे अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगी हुई है जिसमे वह सफल नहीं होगी यह किसान ठान चुके हैं,किसानों का साथ इस बार भाजपा को मिलने वाला है कांग्रेस डरी हुई है और भी झूठे वादे करेगी वह जिसके बाद भी उसे सफलता नहीं मिलेगी यह भी तय है,कांग्रेस की विदाई का समय नजदीक है यह कांग्रेस भी जान चुकी है।

## कांग्रेस पार्टी भाजपा की लहर देखकर सहम गई है

अनिल जायसवाल ने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी भाजपा की लहर देखकर सहम गई है उसे अपनी सत्ता जाति दिख रही है प्रदेश से इसलिए वह भयभीत होकर अब झूठे वादे कर रही है जबकि उसके पुराने घोषणा पत्र पर ही अब तक अमल नहीं हो सका है लोग उम्मीद में थे जो खत्म हो चुकी है।किसानों से 2500 रुपए क्रिंटल धान खरीदकर जहां सरकार अपनी पीठ ठोक रही थी वहीं अब यह साबित हो गया किसान कांग्रेस से नाराज हैं इसलिए कांग्रेस अब उन्हे नए झांसे में लेने की कोशिश में है। किसान पांच साल में समृद्ध नहीं हुए यह कांग्रेस खुद मान रही है और इससे साबित होता है की वह अब तक का जो विकास मॉडल पेश कर रही थी वह झूठ का पुलिंदा मात्र था।वहीं कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए अनिल जायसवाल ने कहा की क्या कांग्रेस के पास कर्ज माफी ही के रास्ता है सत्ता में वापसी का उसका बाकी विकास पांच सालों का नाकाफी साबित हुआ यह उसे बताना चाहिए। किसान कर्ज में दबे हुए हैं यह कांग्रेस का अपना आंकलन है यह कर्ज माफी की घोषणा के बाद साबित हुआ। अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की भाजपा किसानों के हित के लिए समर्पित घोषणा पत्र के साथ चुनाव में उतरेगी और वह घोषणा पर अमल भी करेगी कांग्रेस की तरह घोषणा करके वह उसे अधूरा छोड़ने वाली नहीं है।

# कुसमुण्ड़ा क्षेत्र में विधायक ने किया सघन जनसंपर्क,मिला व्यापक समर्थन

-संवाददाता-
कोरबा,25 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।



कांग्रेस के लोकप्रिय उम्मीदवार जयसिंह अग्रवाल अपने जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वादें के अनुसार प्रत्येक नागरिक तक गुणत्तापूर्ण स्वास्थ सुविधाओं की पहुंच के लिए डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ सहायता योजना के तहत 60 लाख बीपीएल परिवारों को सालाना 5 लाख रूपये तक एवं 9 लाख एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत जटिल एवं गंभीर बिमारी के ईलाज के लिए अब 25 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जा रही हैं। अब तक 2643 प्रकरणों में 79.57 लाख रूपये की स्वीकृति दी गयी हैं। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत 429 वाहनों के माध्यम से 1749 हाट-बाजार क्लीनिकों का नियमित संचालन कर 1 करोड़ 40 से अधिक लोंगो को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं दवायें मुहैया कराई गई हैं। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 54 लाख लोगों तथा दाई-दीदी क्लीनिक योजना के तहत 1.80 लाख महिलाओं एवं किशोरियों की निःशुल्क जांच, उपचार एवं दवाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सबको आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में मोर जमीन, मोर मकान योजना के अंतर्गत 2.40 लाख आवास तथा मोर जमीन मोर चिन्हारी योजना के तहत 60 हजार आवासों के निर्माण की मंजूरी दी गई हैं। भूमिहीन व्यक्तियों को भूमिधारण का अधिकार देने हेतु अधिनियम के तहत 19 नवंबर 2018 के पूर्व काबिज कब्जा धारकों को भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किया जा रहा हैं। वन अधिकार अधिनियम का राज्य में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया हैं। निरस्त दावों का परीक्षण कर वन अधिकार पट्टे दिए जा रहे हैं। राज्य में अब तक 4,68,443 लाख व्यक्तिगत पट्टे, 43,653 सामुदायिक वन अधिकार तथा 4073 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिसका कुल रकबा 105,31,397 एकड़ हैं।

राज्य सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों का कर्ज माफ करने के लिए महिला को ऋण योजना के तहत महिला स्व सहायता समूहों का बकाया 12 करोड़ 77 लाख रूपये का कालातीत ऋण माफ किया गया। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के किसानों की भूमि का मुआवजा अब चार गुणा दिया जा रहा हैं। सरकार ने अपने वायदें के अनुसार किसानों पर वर्षो से बकाया 344 करोड़ रूपये का सिंचाई कर्ज माफ कर दिया हैं। मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत गांवो के शासकीय भवनों, अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों, उचिल मूल्य की दुकानों आंगनबाड़ी भवनों सहित हाट-बाजारों, मेला स्थलों, शमशान घाट, धान संग्रहण केन्द्रों आदि को मुख्य मार्ग से बारहमासी पक्की सड़को से जोड़ने के लिए कुल 4125 सड़के जिनकी लम्बाई 785.56 किलो मीटर एवं लागत 506.76 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई हैं। अब तक 2947 सड़कों का कार्य पूर्ण हो गया हैं। पर्यटन स्थलों का विकास करने के लिए मास्टर प्लान बनाते हुए छतीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 लागू की गई हैं। जिसमें पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु स्थानीय उद्यमियों एवं निजी निवेशकों हेतु पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

## क्या भाजपा से टिकट के दावेदार रहे शैलेष शिवहरे और भैयालाल राजवाड़े की कम हुई दुरियां ?

# करने चले थे भईया लाल राजवाड़े का विरोध होना पड़ा उन्हीं के सामने शरणागत



- चुनाव लड़ने के फैसले पर समर्थको की भीड़ बुलाकर भीतरखाने से मैनेज होकर बुलाया गया भईया लाल रजवाड़े को...जैसी है जनचर्चा
- प्रेमाबाग में रखी गई थी बैठक दुरियां कम होने के बाद बस स्टैंड में जाकर एक दूसरे को माला पहनाया और एकता का संदेश दिया गया
- भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य समर्थक रहे दूर



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

लोकतंत्र का त्योहार जिसे चुनाव कहा जाता है जब-जब चुनाव आता है तब तक रूठे को मनाने की कवायत होती है कुछ ऐसा ही इस समय विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों में देखने को मिलेगा और मिल भी रहा है, यदि हम बात करें बैकुंठपुर विधानसभा कि जहां भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे की तो इनके बीच टिकट को लेकर प्रतिस्पर्धा थी, प्रतिस्पर्धा में भईया लाल राजवाड़े जीत गए और शैलेश शिवहरे हर गए और नाराज हो गए और वह अपनी नाराजगी की वजह से अपने पार्टी के प्रत्याशी से दूरी बना ली, यह दूरी उनके साथ-साथ उनके समर्थक हुआ कार्यकर्ता भी बना लिए, जिसके लेकर भाजपा के प्रत्याशी भी काफी परेशान थे और रूठे हुए शैलेश शिवहरे को मनाने में जुटे हुए थे अंततः नामांकन से एक दिन पहले भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े शैलेश शिवहरे को मनाने में कामयाब हो गए, अब देखना यह है कि गिले शिकवे दूर करते हुए क्या शैलेश शिवहरे पूरे मन से भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े के लिए काम करेंगे उन्हें जीत दिलाएंगे या फिर अंदर से भीतर घात करेंगे? शैलेश शिवहरे के आने से भले ही भाजपा मजबूत होगी पर शैलेश शिवहरे का ऐसे ही अचानक गिलेशिकवे दूर कर लेना उनके ही समर्थक को बुरा लग रहा, कहीं ना कहीं उन्हें के समर्थक उनके लिए अब बयान बाजी करने लगे हैं और कर भी तो क्यों ना क्योंकि उनके समर्थक भाजपा प्रत्याशी से दिखार हो गए और शैलेश शिवहरे भाजपा प्रत्याशी के पास चले गए,शिवहरे को अपने समर्थकों की दूरी को भी समझना था और सभी को एक साथ ले जाकर गिले शिकवे को दूर करना था पर ऐसा ना करके अकेले ही दूर की प्रत्याशी के साथ गिलेशिकवे दूर कर गले लगा पर समर्थकों के गिलेशिकवे कब दूर होंगे?

भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े बुधवार को शैलेश शिवहरे के गिले शिकवे को दूर करते हुए उन्हें गले लगा कर यह संदेश देने का प्रयास किया कि भाजपा में सब कुछ ठीक है और सभी के सहयोग से चुनाव लड़ा जाएगा कहीं पर भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी,जिसके लिए बैठक भी की गई बस एक चीज देखने को मिली की जिला अध्यक्ष व अन्य समर्थक इस मामले से दूर दिखे, अब इसकी वजह जो भी हो पर चर्चा का विषय यह भी है, माला पहनने व गले लगाने के बाद एक ही गाड़ी में बैठकर भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े व शैलेश शिवहरे जनसंपर्क के लिए निकल पड़े।

# मछली पकड़ने के लिए बिछाए गए जाल में फंसी युवती की लाश

-संवाददाता-

**कोरबा 25 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा जिलान्तर्गत हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में एक युवती की लाश फंसी मिली। मृतक युवती की पहचान लिली राज के रूप में की गई हैं, जो छह माह पहले तमिलनाडु जाने के लिए निकली थी। जानकारी के मुताबिक कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के चारपारा के आसपास गांव में रहने वाले ग्रामीण हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए जाल लगाते हैं। सोमवार शाम को झिनपुरी में रहने वाला मछुआरा शिवकुमार आयम ने भी जाल लगाया था। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे जाल निकालने डुबान क्षेत्र में पहुंचा, तो जाल में मछली की जगह युवती की लाश फंसी देख वह घबरा गया। शिवकुमार ने गांव लौटकर घटना की जानकारी सरपंच को दी। सरपंच ने पुलिस को खबर किया। तब चौकी प्रभारी अफसर खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई गई तो यह ग्राम फुलसर में रहने वाला दीप सिंह राज ने हुलिया और कपड़े के आधार पर अपनी 35 वर्षीय पुत्री लिली राज के रूप में की है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202310020700033**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2023-2024
सरईटिकरा (प.ह.न. 00025),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-परमिला,
अनावेदक पक्षकार- अमरलाल पिता स्व रजवन, मोहनी देवी वेवा रजवन,

**ईश्तहार**

आवेदक परमिला पुत्री स्व0 रजवन निवासी ग्राम चिताबहरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सरईटिकरा स्थित खसरा नंबर 15,228, 2,546, 582, 601, कुल रकबा 2.476 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसील
तहसील-अम्बिकापुर

# पेड न्यूज को किया गया चिन्हित,परीक्षण कर नोटिस जारी करने के निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,25 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया और उनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एमसीएमसी के गठन की जरूरत और इसके कामकाज के बारे में विस्तार से बताया। समिति की बैठक में बताया गया कि एमसीएमसी का कामकाज आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ ही शुरू हो गया है। प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया ईकाई द्वारा प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सत्त निगरानी रखने के साथ अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और विजुअल संग्रहित किए जा रहे हैं। टीम द्वारा प्रतिदिन प्रकाशित होने वाले 09 प्रातःकालीन तथा सांध्य समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित राजनीतिक समाचारों को चिन्हित किया गया है। पार्टियों द्वारा घोषित उम्मीदवारों और राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रकाशित एक जैसे समाचारों को चिन्हित कर पेडन्यूज के रूप में रखने और संबंधित को नोटिस जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी कतरनों का परीक्षण कर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।




उन्होंने निर्देशित किया कि मीडिया को जारी होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखे। बैठक में बताया गया कि लगभग 50 से अधिकारियों की टीम हर पल की खबर पर निगरानी रख रहे हैं। चुनाव संपन्न होने तक सभी चैनलों के प्रसारण को देखा जा रहा है। प्रमाणन की जरूरत इलेक्ट्रानिक मीडिया सहित केबल, रेडियो, ई पेपर, सिनेमा घर और सार्वजनिक दृश्य श्रव्य माध्यमों के लिए होगा। सभी तरह की मीडिया में जारी होने वाले विज्ञापनों का कन्टेन्ट आदर्श आचरण संहिता के अनुरूप होना चाहिए। अन्यथा इसकी प्रकाशन प्रसारण अनुमति नहीं दी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पेड न्यूज के बारे में बताया कि पेड न्यूज (क्रीत समाचार) से तात्पर्य समाचार पत्रों में प्रकाशित उन समाचारों से है, जो वास्तव में किसी दल अथवा प्रत्याशी द्वारा अपने लाभ के लिए प्रायोजित किए जाते हैं।

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी विज्ञापन, पोस्टर, पर्चा अथवा अन्य किसी भी अभिलेख में प्रकाशक एवं प्रिंटर का नाम और पता छपा होना चाहिए। ऐसा नहीं पाये जाने पर सजा अथवा जुर्माना हो सकता है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 एच के अंतर्गत किसी प्रत्याशी की सहमति के बिना उसके लाभ के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है तो यह अवैध होगा। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, समिति के सदस्य निलेश कुजूर, हेमंत जायसवाल, कमलज्योति, डॉ. राजेश सक्सेना, नोडल अधिकारी श्री सेवाराम दीवान, विनोद सिंह, डॉ. एम. महतो उपस्थित थे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 11 वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेने के लिए रवाना



**बेंगलुरु,25अक्टूबर 2023।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में होने वाले 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेने के लिए बुधवार तड़के बेंगलुरु से कुआलालंपुर की यात्रा पर रवाना हो गयी। उल्लेखनीय रूप से, 2022 में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में अपनी जीत के बाद, भारत गत चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में उतरेगा, जब उन्होंने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत हासिल की थी।

विशेष रूप से, भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल हैं। कप्तान उत्तम सिंह के नेतृत्व में, उप-कप्तान राजिंदर सिंह की सहायता से, भारतीय टीम पूल बी में शीर्ष 2 में जगह बनाना चाहेगी, जिससे उनका सेमीफाइनल में पहुंचना सुनिश्चित हो सके। भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा, इसके बाद 28 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ मुकाबला होगा।

एक दिन के आराम के बाद, भारत 30 अक्टूबर को अंतिम पूल मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ते हुए एक्शन में लौटेगा। कप्तान उत्तम सिंह ने बेंगलुरु से टीम के प्रस्थान से पहले कहा, 'हम 11वें सुल्तान जोहोर कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। खिलाड़ियों के इस प्रतिभाशाली समूह का नेतृत्व करना सौभाग्य की बात है। हमारा ध्यान अपने लिए निर्धारित उच्च मानकों को बनाए रखने और दुनिया को भावनाऔर भारतीय हॉकी का कौशल दिखाने पर है।

हम अच्छी तरह से तैयार हैं, और हमारा लक्ष्य स्पष्ट है ङ्क ट्रॉफी को घर वापस लाना। पाकिस्तान के साथ प्रतिद्वंद्विता हमारे अभियान में तीव्रता की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, और हम उसके खिलाफ एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं।' उप-कप्तान राजिंदर सिंह ने भीटूर्नामेंट पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा, 'उप-कप्तान के रूप में, मेरी भूमिका हर संभव तरीके से कप्तान उत्तम सिंह और टीम का समर्थन करना है। हमारे पास अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का एक बड़ा मिश्रण है, और हम इस चुनौती को लेने के लिए उत्साहित हूं।

सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमारे लिए अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक मंच है, और हम दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ अपने खिताब की रक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। टूर्नामेंट प्रतिस्पर्धा का एक स्तर लाता है जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'इसके अलावा, एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की दिशा में हमारी यात्रा में सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2023 महत्वपूर्ण महत्व रखता है क्योंकि यह हमें आगामी विश्व कप के लिए अपनी क्षमताओं और तैयारियों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसलिए, हम इसके लिए उत्सुक हैं कि अपना सर्वश्रेष्ठ दें।



## प्राची यादव ने पैरा कैनो में देश को दिलाया गोल्ड

### पति मनीष कौरव ने भी जीता पदक

**हांगझोउ,25अक्टूबर 2023।** चीन में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में भारत की प्राची यादव ने कैनो महिला केएल 2 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। एथलीट प्राची यादव ने पैरा कैनो महिला केएल2 स्पर्धा में 54.962 समय के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्राची के जीवनसाथी मनीष कौरव ने पुरुषों की पैरा कैनो केएल 3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्राची का एशियन पैरा खेल 2022 में यह दूसरा पदक है। इससे पहले प्राची यादव ने पैरा डोंगी चालन महिला वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता था।

इसके अलावा भारत की सिमरन वत्स ने इस मल्टी इवेंट टूर्नामेंट में देश के लिए सिल्वर मेडल जीता। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा में 12.68 के प्रभावशाली समय के साथ रजत पदक हासिल किया। दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर-टी20 में 56.69 के शानदार समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दीप्ति जीवनजी ने नया एशियाई पैरा रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में सरबजोत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य और पेरिस ओलंपिक कोटा



**चांगवोन,25अक्टूबर 2023।** कोरिया के चांगवोन में 15वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने सफलता का स्वाद चखा, जब सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और इसके साथ ही निशानेबाजी में आठवां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। पिस्टल स्पर्धाओं में यह पहला कोटा था। सरबजोत ने फाइनल में 221.1 का स्कोर किया और क्रमशः दो चीनी झांग यिफान (स्वर्ण, 243.7) और लियू जिनयाओ (242.1) से पीछे रहे। सरबजोत ने पहले 581 के स्कोर के साथ शीर्ष आठ के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उन्हें आठवां स्थान हासिल करने में मदद मिली।

चूंकि चीन ने पहले ही इस स्पर्धा में अपने दो कोटा समाप्त कर लिए थे और दो कोरियाई खिलाड़ियो में से केवल एक ही पात्र था, सरबजोत को एक उच्च फिनिश की आवश्यकता थी। उन्होंने पहले पांच शॉट्स के बाद बढ़त बना ली जो महत्वपूर्ण थी और जैसे ही दो चीनी खिलाड़ी आगे बढ़े, सरबजोत अपना संयम बनाए रखने में सफल रहे और एक और अंतर्राष्ट्रीय पोडियम फिनिश दर्ज की।

पुरुष एयर पिस्टल में अन्य पुरुषों में, वरुण तोमर (578) और कुणाल राणा (577) 16वें और 17वें स्थान पर रहे, जबकि शिवा (576) 20वें और सौरभ चौधरी (569) 35वें स्थान पर रहे।

## हैनी ने जेवलिन थ्रो स्पर्धा में भारत के लिए जीता 11वां स्वर्ण

**हांगझू,25अक्टूबर 2023।** हैनी ने बुधवार को यहां पुरुषों के जेवलिन थ्रो-एफ37/38 फाइनल में रिकॉर्ड बनाते हुए यहां चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए 11वां स्वर्ण पदक हासिल किया। हैनी ने 55.97 मीटर के थ्रो के साथ एशियाई पैरा गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए एक और स्वर्ण पदक जीता। ईरान के होर्मोज़ सेइदिकाज़पौंजी ने अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ 48.47 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। जबकि चीन की डोंगक्वान एन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।इस बीच, तीरंदाजी में, हरविंदर सिंह और साहिल ने पुरुष युगल रिकर्व में कांस्य पदक जीता।भारत फिलहाल 11 स्वर्ण, 15 रजत और 20 कांस्य सहित 46 पदकों के साथ छठे स्थान पर है। बता दें कि भारत ने एशियन पैरा गेम्स के चौथे संस्करण में 303 एथलीट भेजे हैं जिनमें 191 पुरुष और 112 महिला शामिल हैं। इस तरह से यह महाद्वीपीय आयोजन में देश का सबसे बड़ा दल बन गया है।



## सुमित अंतिल ने जेवलिन में जीता गोल्ड

### पुष्पेंद्र सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल किया अपने नाम

**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2023।** सुमित अंतिल और पुष्पेंद्र सिंह ने चौथे एशियन पैरा गेम्स के तीसरे दिन पुरुष जेवलिन थ्रो- एफ64 के फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। सुमित अंतिल ने 73.29 मीटर के थ्रो के साथ एशियन पैर गेम्स रिकॉर्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड तोड़ा। सुमित ने दिन के अपने तीसरे प्रयास में इस मार्क पर पहुंचे और गोल्ड मेडल जीता। श्रीलंका के अरचचिगे समित ने 62.42 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

भारत ने एशियन पैरा गेम्स में अब तक कुल 36 मेडल जीत लिए हैं, जिसमें 10 गोल्ड, 12 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। भारत पांचवें स्थान पर काबिज है। भारतीय दल की कोशिश पहले दिन की सफलता को दोहराने की होगी जब उसने 6 गोल्ड, 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज सहित कुल 17 मेडल जीते थे। इस बार भारत ने 303 एथलीट्स का दल (191 पुरुष और 113 महिला) को एशियन पैरा गेम्स में भेजा है जो कि अब तक का सबसे बड़ा दल है। याद दिला दें कि 2018 एशियन पैरा गेम्स में भारत ने 190 एथलीट्स का दल भेजा था और कुल 72 मेडल जीते थे। इसमें 15 गोल्ड शामिल थे।




## वर्ल्ड कप अंक तालिका में साउथ अफ्रीका ने मचाई उथल पुथल,

### न्यूजीलैंड को पछाड़ बनी प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2023।** वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी. साउथ अफ्रीका ने मुकाबले में 149 रन से जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने अंक तालिका में छलांग लगा दी है. टीम न्यूजीलैंड को पछाड़ दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है. जबकि हार झेलनी वाली बांग्लादेश की टीम तालिका में सबसे नीचे पहुंच गयी है.



बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल कर साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप में प्रबल दावेदारी पेश कर दी है. टूर्नामेंट में टीम की ये चौथी जीत है. जिसके चलते अब टीम अंक तालिका में नंबर-2 पर पहुंच गयी है. टीम 8 अंक और 2.370 नेट रनरेट के साथ दूसरे पायदान पर है. जबकि बांग्लादेश इंग्लैंड से भी नीचे पहुंच गयी है. टीम 10वें नंबर पर पहुंच गयी है. बांग्लादेश 2 अंक और -1.253 नेट रनरेट के साथ 10वें नंबर पर है. जबकि बाकी टीमों की बात करें तो भारत तालिका में टॉप पर बरकरार है. टीम इंडिया 10 अंक और 1.353 नेट रनरेट के साथ पहले नंबर पर है. साउथ अफ्रीका 8 अंक और 2.370 नेट रनरेट के साथ दूसरे पायदान पर है. जबकि न्यूजीलैंड 8 अंक और 1.481 नेट रनरेट के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गयी है. चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया टीम है कंगारू टीम 4 अंक और -0.193 नेट रनरेट पर बनी हुई है.

## भारतीय शटलरों ने तीसरे दिन जीते दो कांस्य पदक

**हांगझू,25अक्टूबर 2023।** यहां चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में बुधवार को मिश्रित युगल स्पर्धा में भारतीय शटलरों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीते प्रमोद भगत और मनीषा रामदास की भारतीय जोड़ी को मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।इंडोनेशिया की लीनी रात्रि और हिकमत रामदानी ने भारतीय जोड़ी को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।





पहला सेट काफी कड़ा रहा, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने बाजी मारते हुए मैच में बढ़त बना ली। दूसरे सेट में इंडोनेशियाई जोड़ी ने 21-14 के स्कोर के साथ आसान जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।। दूसरी ओर, मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 के सेमीफाइनल में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन की भारतीय जोड़ी भी हारकर बाहर हो गई।

फ्रेडी सेतियावान और खलीमातुस सादियाह की इंडोनेशियाई जोड़ी ने सीधे सेटों में आसान जीत (2-0) हासिल की। भारतीय जोड़ी ने पहले सेट में चुनौती दी, लेकिन उनके विरोधियों ने अंत में 21-17 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में, भारतीय जोड़ी को 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।





## प्रभास के सालार से सामने आया का नया पोस्टर

प्रभास की मचअवेटेड फिल्म सालार को लेकर गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है. फिल्म को लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. इस पोस्टर को शेयर करते हुए फिल्म के मेकर्स ने सुपरस्टार को जन्मदिन की ढेर सारी बधाईयां दी हैं. फिल्म का पोस्टर बेहद शानदार नजर आ रहा है, जहां प्राभस एक नहीं दो नहीं बल्कि कई सारे अवतार में नजर आ रहे हैं. सोशल मीडिया पर यह पोस्टर खूब वायरल हो रहा है. फैंस उनके इन बेहतरीन लुक्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं. हाल ही में खबर आई थी कि 'सालार' के ओटीटी राइट्स बेच दिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के राइट्स 80 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। अब ऐसे में प्रभास की इस फिल्म ने एस.एस. राजमौली की फिल्म आरआरआर को पछाड़ दिया है। आरआरआर के ओटीटी राइट्स 75 करोड़ में बिके थे।ये फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सालार में प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, टीनू आनंद, ईश्वरी राव, जगपति बाबू, श्रीया रेड्डी, गरुड़ राम भी हैं। निर्देशक प्रशांत नील द्वारा निर्देशित 'सालार' तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल और हिंदी सहित 5 भाषाओं में रिलीज होने वाली है।

## म्यूजिकल प्ले आनंद ने मेरे दृष्टिकोण का किया विस्तार : अनीशा मधोक

हॉलीवुड फिल्म बुली हाई में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस अनीशा मधोक अब म्यूजिकल प्ले आनंद में नजर आएंगी। उन्होंने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया और कहा कि इससे उन्हें कला के बारे में दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद मिली। आनंद का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया है।अनीशा झुमकी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक युवा मोहक लड़की है और आनंद की तलाश में आध्यात्मिक ज्ञान का सामना करती है। कबीर बेदी इस नाटक के सूत्रधार हैं।अनीशा ने कहा, पूरे अनुभव ने शांति, रचनात्मकता और ग्रहणशीलता के संयोजन के साथ कला के बारे में मेरे दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद की है। मुजफ्फर अली सर की आभा मुझे उनके प्रति विस्मय में रखती है।उन्होंने कहा, वह अपने नाम के कारण नहीं बल्कि सीमाओं से परे कला के प्रति समर्पण करने की अपनी क्षमता के कारण बेहतरीन कलाकार हैं। मेरे द्वारा कहे गए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं हैं। मैं बहुत आभारी हूं।आनंद से उन्हें किस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद है, इस पर अनीशा ने कहा, मुझे लगता है कि भारत आगे बढ़ रहा है। मैंने साउथ कैलिफोर्निया के विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है और सिंगिंग, डांस और एक्टिंग के साथ लाइव परफॉर्मेंस की अपनी सारी सीख वापस ला रही हूं। आइए अपने देश में कला के मानकों को ऊंचा बनाएं, खासकर हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाओं के संबंध में।नाटक में उनके सभी आउटफिट समा अली और मीरा अली द्वारा डिजाइन किए गए हैं।कबीर बेदी के साथ काम करने पर, अनीशा ने कहा, मैं उनसे पहली बार दिल्ली के जयपुर पोलो मैदान में अपने इतालवी दोस्तों के साथ मिली थी, जो उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। वह बहुत दयालु हैं और विश्व स्तर पर प्रशंसित हैं। बेदी के साथ इस प्रोडक्शन का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।



## सुष्मिता सेन की आर्या 3 का प्रोमो वीडियो जारी, डिज्नी+हॉटस्टार पर 3 नवंबर को रिलीज होगी




सुष्मिता सेन को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में सुष्मिता वेब सीरीज आर्या के तीसरे किस्त आर्या 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।आर्या के पहले और दूसरे सीजन के बाद से ही दर्शक इसके तीसरे सीजन का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं।अब आर्या 3 का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिता जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।

सामने आए प्रोमो वीडियो में सुष्मिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए दुनिया से भिड़ती दिखाई दे रही हैं।आर्या 3 का प्रीमियर 3 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स पर आर्या 3 का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भ्रष्टाचार के सामने अच्छी बात यह है कि एक बार कायम करने का समय आ चूका है। शेरनी तैय्यार है।इसका निर्देशन राम माधवानी द्वारा किया गया है।

सुष्मिता ने सीरीज में आर्या सरीन का किरदार निभाया है। उन्होंने खुलासा किया है कि कैसे स्क्रिप्ट की शुरुआत से छापी गई आर्या की ताकत सीजन तीन में उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रही है।

उसी के बारे में बात करते हुए, पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा, मैं आर्या से प्रेरित रही हूं, जिस तरह से हम शूट करते हैं, उन दोनों की सच्चाई घुल-मिल जाती है, सुष्मिता के मौजूद होने और आर्या के सुष्मिता से प्रभावित होने की भी सच्चाई होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, आर्या की ताकत का पता उस पल से चलता है जब मैंने यह स्क्रिप्ट पढ़ी, मैं इसे अपने साथ ले गई। मुझे लगता है कि सीजन तीन में यह और भी मजबूत हो गई है। सुष्मिता को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में भी देखा गया था।

# किसानों की कर्जमाफी,20 क्विंटल धान की खरीदी

## जातिगत जनगणना करवा कर प्रदेश के वंचित आबादी का हक दिलाएंगे : दीपक बैज

» 17.5 लाख आवास से प्रदेश और खुशहाल होगा : कांग्रेस

» कांग्रेस आने वाले 5 सालों में 15 लाख लोगों को रोजगार देगी





**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** इस राज्य में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ के किसान, युवा, आम आदमी की और बेहतरी तथा पिछले पांच सालों में किये गये कामों को आगे बढ़ाना कांग्रेस का लक्ष्य है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर वर्ग को सुविधा पहुंचाने योजनाओं का विस्तारीकरण किया जायेगा तथा लोगों की उन्नति के लिये योजनायें बनाई जायेगी तथा नई योजनाओं का विस्तारीकरण भी होगा।

**➢ कांग्रेस हर किसान का एक बार फिर से कर्जा माफ करेगी।**

**➢ प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जायेगी।**

**➢17.5 लाख आवासहीनों के लिये कांग्रेस की सरकार मकान बनायेगी।**

**➢ 5 सालों में 15 लाख लोगों को रोजगार देने के लिये बनाये गये छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के लक्ष्य को प्राप्त किया जायेगा।**

**➢ जातिगत जनगणना करवा कर प्रदेश के वंचित वर्ग को उनका हक दिया जायेगा तथा उनके लिये विशेष योजनायें बनाई जायेगी।**

**➢ आबादी के अनुपात में बनाये गये छत्तीसगढ़ आरक्षण संशोधन विधेयक के 76 प्रतिशत आरक्षण को लागू किया जायेगा।**

**➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की संख्या बढ़ाकर अधिक से अधिक आबादी को लाभ पहुंचायेंगे।**

**➢ बिजली बिल हॉफ योजना से अभी तक 44 लाख परिवारों का लगभग 4000 करोड़ का बिजली बिल माफ हुआ है। कांग्रेस की सरकार बनने पर यह योजना और आगे बढ़ेगी।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हर वर्ग के लिये काम किया है। तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, गन्ना, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन-तिलहन, फलदार वृक्ष, सब्जी लगाने वाले आदिवासी किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इन कामों से राज्य की तस्वीर बदली है तथा कांग्रेस के प्रति भरोसा बढ़ा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस सरकार के पांच सालों के कामों ही हमारा चुनावी मुद्दा है। भाजपा चुनाव में जनता के मुद्दों पर बात करने से घबरा रही है। वह सांप्रदायिकता और तनाव फैलाकर चुनाव लड़ना चाह रही। कांग्रेस की सरकार के कामों ने भाजपा को मुद्दाविहीन बना दिया है।

### घबराई हुई है कांग्रेस,कर्जमाफी के नाम पर रेवड़ियां बांट रही..

प्रदेश प्रभारी माथुर ने किसानों के कर्जमाफी को लेकर कहा कि, जनता को सब पता है कि, किस तरह से लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। हालांकि इसका कर्ज जनता 7 और 17 अक्टूबर को चुका देगी। निश्चित रूप से कांग्रेस डरी हुई है।पिछली बार भी उन्हें लगा की जमीन खिसक रही है। जिसको देखते हुए इस तरह की घोषणाएं कर रहे हैं। रेवड़ियां बांटने का काम किया जा रहा है। प्रदेश की जनता समझदार हैं, 5 साल से परेशानी झेल रही है।

### किसानों की कर्जमाफी के वादे से भाजपा नेताओं के पेट में क्यों उठने लगा दर्द ?

**सांसद विजय बघेल और सरोज पांडेय में हिम्मत है तो पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ कराएं**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने सांसद विजय बघेल के बयान पर तंज कसा है। राजेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों की कर्जमाफी का वादा करने के बाद से सांसद विजय बघेल समेत तमाम भाजपा नेताओं के पेट में दर्द क्यों उठने लगा है? विजय बघेल और सरोज पांडेय में हिम्मत है तो मोदी सरकार से पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ कराएं।राजेंद्र ने कहा कि सांसद विजय बघेल को पता होना चाहिए कि सभी किसान हर साल खेती के लिए कर्ज लेते हैं। भाजपा राज में जब छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का सही मूल्य नहीं मिल रहा था तो किसान कई साल से कर्ज में डूबे थे। आत्महत्याएं कर रहे थे। भूपेश सरकार ने 2018 में कर्ज माफी के साथ ही 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी शुरू की, जिसके बाद किसान कर्जमुक्त हो रहे हैं। किसानों ने खरीफ सीजन के लिए हर साल की तरह इस साल भी कर्ज लिया है। सीएम भूपेश बघेल ने इसी कर्ज को माफ करने का ऐलान किया है। लेकिन भाजपा नेता इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। भाजपा ने पहले 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का विरोध किया। किसानों की कर्जमाफी का भी विरोध किया। प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने के फैसले का भी भाजपा नेताओं ने विरोध किया।

राजेंद्र ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अडानी, अंबानी समेत बड़े औद्योगिक घरानों का लाखों करोड़ रुपए कर्ज माफ किया है। लेकिन, भाजपा नेता किसानों की कर्ज माफी के फैसले का विरोध कर रहे हैं। राजेंद्र ने कहा कि उद्योगपतियों की कर्जमाफी की आधी रकम से पूरे देश के किसानों का कर्जमाफ किया जा सकता है और अच्छे दाम पर फसल खरीदी कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है। राजेंद्र ने कहा कि भूपेश सरकार ने पिछले पांच साल में किसानों की धान खरीदी, कर्जमाफी और गोबर खरीदी करते हुए किसानों के खाते में एक लाख 75 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किये हैं। विजय बघेल और सरोज पांडेय को बताना चाहिए कि केंद्र सरकार ने पिछले पांच साल में किसानों का कितना कर्ज माफ किया।

# बृजमोहन-मूणत ने नामांकन दाखिल किया

» जनता ने विकास विरोधी कांग्रेस सरकार को बदलने का मन बना लिया



**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी राजेश मूणत ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती भाई पटेल भी मौजूद थे।

बृजमोहन ने कहा कि बीते पांच सालों में प्रदेश की हालत देखकर प्रदेश की जनता ने अब विकास विरोधी कांग्रेस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। निश्चित ही अब सम्पूर्ण प्रदेश में कमल खिलेगा और हमारा छत्तीसगढ़ पुनः खुशहाली की राह पर आगे बढ़ेगा।

नामांकन के दौरान उपस्थित पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमारा यह नामांकन जीत का आगाज है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रेवड़ी और रबड़ी बांटने में विश्वास नहीं करती।

भाजपा का उद्देश्य जन-जन के कल्याण का होता है। गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठे और वो समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़े, उनका भविष्य सुरक्षित हो ऐसी सोच भाजपा की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के 15 साल की सरकार में ही प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ था। परंतु आज की कांग्रेस सरकार ने तो प्रदेश को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है।

# भूपेश 30 अक्टूबर को भरेंगे नामांकन तब साथ होंगी प्रियंका



**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** सीएम भूपेश बघेल 30 अक्टूबर को नामांकन भरेंगे। बता दें विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए कांग्रेस नेताओं का प्रचार और तेज होगा।

क्योंकि 30 अक्टूबर को प्रियंका गांधी दुर्ग आएंगी। छ्रू भूपेश की पाटन विधानसभा से नामांकन दाखिल करते वक्त प्रियंका भी मौजूद रहेंगी। जानकारी के मुताबिक दुर्ग जिले के 6 कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन भरने वाले हैं। सीएम भूपेश बघेल 8 जिलों का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान सीएम कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होंगे। प्रचार अभियान के तहत प्रियंका आमसभा को भी सम्बोधित करेंगी।

26 अक्टूबर को सीएम बलौदाबाजार और राजधानी रायपुर का दौरा करेंगे। 27 अक्टूबर को सीएम बघेल सरगुजा और रायगढ़ जाएंगे। 30 अक्टूवर को सीएम दुर्ग और बिलासपुर के दौरे पर रहेंगे।

# बीजेपी से देवजी भाई को नहीं मिला टिकट,बिगाडेंगे बीजेपी का खेल

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** राजनीति में कौन कब करवट बदल दे कोई दांवे से नहीं कह सकता। राजनीतिक उतार -चढ़ाव चुनाव के कई दौर देख चुके भाजपा नेता देवजीभाई पटेल टिकट नहीं मिलने से पार्टी की कार्यशैली से खफा है। धरसीवां से दशकों तक प्रतिनिधित्व करने वाले भाईजी को पार्टी कास तवज्जों नहीं दे रही है,जिसके चलते धरसीवां में खेल खराब होने का डर सताने लगा है।



देवजी भाई पटेल धरसींवा से 3 बार के विधायक रहे हैं। इस बार उन्होंने भाजपा से नाराजगी के चलते अपने सोशल मीडिया से एक्स बीजेपी पदनाम हटाकर धरसीवां का सेवक लिख दिया है। हालांकि वे निर्दलीय या दूसरे दल से लड़ सकते हैं। इसी बीच जेसीसीजे और 'आप' लगातार उनसे संपर्क करने की कोशिश में लगी हुई है। वहीं भाजपा के नेता भी उनसे संपर्क करने में जुटे हुए हैं।

इश समय एक दौर चल रहा है जिसमें भाजपा के नेता हो या कांग्रेस केनेता टिकट कटने का दुख जाहिर करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में बीजेपी के पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल ने बताया कि, मैं बीजेपी का निष्ठावान कार्यकर्ता हूंल्लेकिन इस वक्त परिस्थिति और टिकट वितरण से कार्यकर्ताओं में मायूसी छाई हुई है।

# रेणु जोगी कोटा,और ऋचा अकलतरा से लड़ेंगी चुनाव

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** जोगी कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस बार रेणु जोगी और ऋचा जोगी प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। स्वर्गीय अजित जोगी की पत्नीं रेणु जोगी और जोगी परिवार की बहू ऋचा अमित जोगी भी चुनाव लड़ेंगी।



दोनों ही पार्टी की मजबूत केंडिडेट हैं और सभी को उत्सुकता थी कि इन दोनों नामों के अलावा पार्टी के कर्ता धर्ता अमित जोगी कहां से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। तो श्रीमती रेणु अजीत जोगी और ऋचा अमित जोगी को अकलतरा से प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# कोयला घोटाले की पेशी टली,6 दिसंबर की तारीख तय

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।**आज ईडी के स्पेशस्ल कोर्ट में कोयला घोटाले की पेशी थी, मगर इसे टालते हुए अगली तारीख 6 दिसंबर तय की गई है। इस मामले में चार्जशीट में शामिल 11 लोगो को अग्रिम जमानत के साथ कोर्ट में पेश होना था। इनमें विधायक और प्रत्याशी देवेंद्र यादव, चंद्रदेव राय, रामगोपाल अग्रवाल, आर पी सिंह, समेत जेल में विरूद्ध दो लोग शामिल हैं। बताया जा रहा है कि विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव राय और कुछ अन्य आरोपी पेशी में उपस्थित नहीं हुए।

बता दें कि कथित तौर पर 550 करोड़ के कोल लेवी वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई दिसंबर 22 से विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में चल रही है।




### भाजपा ने खोले चार पत्ते, सभी 90 प्रत्याशी घोषित

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह




ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए शेष चारों सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल, बेलतरा से सुशांत शुद्यक्ला, कसडोल से धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने पहली सूची में 21, दूसरी सूची में 64 तथा तीसरी सूची में 1 प्रत्याशी की घोषणा की थी। इसके बाद चौथी सूची का इंतजार किया जा रहा था। अब भाजपा के भी सभी प्रत्याशी घोषित हो गए हैं। जबकि कांग्रेस ने पहली सूची में 30, दूसरी सूची में 53 और अंतिम सूची में 7 उम्मीदवार घोषित किए।

# जवानों ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेरा

**नक्सलियों के द्वारा लगाये गए आईईडी को जवानों ने किया डिफ्यूज**

**नारायणपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नक्सलियों ने अपना आतंक फैलाना फिर शुरू कर दिया है। इसी क्रम में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को निशाना बनाने लगाया गया आईईडी बरामद किया है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सर्चिंग में निकले सुरक्षा बलों ने नारायणपुर जिले के ओरछा के घोटुलपारा में आईईडी बरामद किया है। मौके से निकाले गए आईईडी करीब चार किलो का है। जानकारो की माने तो यदि यह ब्लॉस्ट होता तो काफी तबाही मच जाती। मगर इसके पूर्व ही जवानों ने इसे बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया था। जवानों ने आईईडी ट्रेक कर मौके पर डिफ्यूज कर दिया। बता दें कि यह ओरछा थाने का मामला है। थाना के डीआरजी बस्तर फाइटर और सीएएफ की संयुक्त कार्रवाई की गई। बता दें कि विधानसभा चुनाव के समय नक्सली सक्रिय हो गए हैं। नक्सलियों ने पहले ही पर्चा फेंककर विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा ने दाखिल किया नामांकन

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया. नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि, आज मैंने एक सेट नामांकन का भरा है।कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा ने कहा, मैं वरिष्ठ नेताओं खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सीएम भूपेश बघेल और कुमारी सैलजा का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे 30 साल के राजनीतिक संघर्ष को देखते हुए आज मुझको कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया. आज मैंने प्रथम सेट नामांकन का भरा है।



इसके लिए उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि, 30 साल के मेरे राजनीतिक संघर्ष को देखते हुए कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया है। मेरे प्रस्तावकों के साथ आज मैंने नामांकन भरा है।

पहले मैं जिला पंचायत का सदस्य था, एक बार लेकिन विधानसभा टिकट मुझे पहली बार मिली है। मैं भाग्यशाली हूं कि सभी ने मुझे आशीर्वाद दिया है। आज मैं कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में आपके सामने खड़ा हूं।

# चारों सीटों पर नए नाम

**छत्तीसगढ़ भाजपा के 4 प्रत्याशियों की अंतिम लिस्ट जारी, कुल 90 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी फाइनल**

**रायपुर,25 अक्टूबर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की चौथी और अंतिम लिस्ट जारी कर दी है। चार नए प्रत्याशियों को मौका दिया गया है। हाईप्रोफाइल सीट अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल को टिकट दिया गया है।बेलतरा से सुशांत शुक्ला, कसडोल से धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू को प्रत्याशी बनाया गया है। इस तरह भाजपा ने 90 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दी है।



अंबिकापुर राजेश अग्रवाल | बेलतरा सुशांत शुक्ला | कसडोल धनीराम धीवर | बेमेतरा दीपेश साहू

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)